नई दिल्ली
शनिवार, 29 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 28, अंक : 348
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 30
न्यून. 16

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## भूकंप से म्यांमार व थाईलैंड में 700 से अधिक घायल


# 7.7 के झटके से 5 देश 'डोले'

114 की मौत
110 दबे

- म्यांमार में भूकंप के झटके 6 बार आए, 10 किमी गहराई में था केंद्र
- म्यांमार में इमरजेंसी लागू हुई, भारत ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार की दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। म्यांमार में 7.7 व 6.4 तीव्रता के भूकंप के बाद छह क्षेत्रों और राज्यों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, जिसका केंद्र देश के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास था। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि कई



इमारतें ताश के पत्तों की तरह धराशाई हो गईं। कई इमारतें ढह चुकी हैं। एक्सप्रेसवे को नुकसान पहुंचा है और पुल गिर गए हैं। हादसे में 144 लोगों की मौत की खबर है। 110 लोग मलबों में दबे हैं। 700 से अधिक लोगों घायल हुए हैं। भूकंप के झटके म्यांमार, थाईलैंड, पूर्वोत्तर भारत, चीन के कुछ हिस्सों में तथा ढाका और चटगांव समेत बांग्लादेश के कई इलाकों में महसूस किए गए। सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में स्विमिंग पूल से पानी निकलता हुआ दिखाई दिया। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारतीय नागरिक से जुड़ी कोई अप्रिय सूचना नहीं

*बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास ने थाईलैंड में भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन नंबर +66 618819218 जारी किया है। दूतावास ने बयान जारी कर कहा है कि थाई अधिकारियों के साथ समन्वय में स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। अब तक किसी भी भारतीय नागरिक से जुड़ी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।*


एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं, हर संभव सहायता को तैयार है भारत

### पीएम के निर्देश पर भूकंप प्रभावित थाईलैंड और म्यांमार के संपर्क में भारत, देंगे सहायता

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** थाईलैंड और म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बीच भारत ने कहा है कि वो हर संभव सहायता करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय दोनों देशों के अधिकारियों के साथ संपर्क में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट में थाईलैंड और म्यांमार में भूकंप के बाद ही स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत दोनों को हर तरह से सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हमने अपने अधिकारियों से तैयार रहने के लिए कहा है। साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि प्रधानमंत्री 3 से 4 अप्रैल तक थाईलैंड की राजधानी बैंकाक की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। लेकिन उसके ठीक पहले थाईलैंड में भूकंप ने अपना कहर बरपाया है। थाईलैंड की अध्यक्षता में इस वर्ष 4 अप्रैल को छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन का बैंकाक में आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाग लेने के लिए पीएम का ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 3 से 6 अप्रैल तक थाईलैंड, श्रीलंका की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह 3 से 6 अप्रैल तक थाईलैंड और श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसकी शुरुआत थाईलैंड से होगी। जहां पर प्रधानमंत्री 4 अप्रैल को बैंकॉक में आयोजित किए जाने वाले छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व करेंगे। सम्मेलन की थीम 'बिम्सटेकः प्रॉस्परस रेजिलिएंट एंड ओपन' रखी गई है।

इसके बाद 4 से 6 अप्रैल तक वह श्रीलंका जाएंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिशानायके ने पीएम मोदी को श्रीलंका की यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। दोनों नेताओं के बीच एक अहम द्विपक्षीय बैठक होगी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में पीएम की दोनों देशों की इस यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि 3 अप्रैल को प्रधानमंत्री की थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैंटोगटार्न शिनावात्रा के साथ एक द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संबंधों को मिलेगी मजबूती

मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन के दौरान समूह के सभी देशों के शीर्ष नेता बिम्सटेक के बीच सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। साथ ही संस्थागत और क्षमता विकास से जुड़े कदम भी सम्मेलन में शामिल किए जा सकते हैं। जिससे बिम्सटेक तंत्र को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत ने समूह में क्षेत्रीय भागीदारी और साझेदारी को सशक्त बनाने के लिए कई जरूरी कदम उठाए हैं। जिसमें सुरक्षा बढ़ाने के अलावा व्यापार, निवेश को प्रगाढ़ बनाने, समुद्री-डिजिटल कनेक्टिविटी स्थापित करने, खाद्य, ऊर्जा, जलवायु, मानव सुरक्षा और लोगों का क्षमता-कौशल विकास जैसे विषय ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पत्नी की हत्या कर शव को सूटकेस में ठूंस दिया




**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की पहले हत्या की और फिर उसके शव को सूटकेस में ठूंसकर फरार हो गया। फ्लैट में ताला लगाकर पुणे भाग गया। काफी मशक्कत के बाद आरोपी पति को पुणे से हिरासत में ले लिया गया है और मामले में जांच की जा रही है।

### आज दोपहर 2:21 पर साल का पहला 'सूर्य ग्रहण'



**नई दिल्ली।** 29 मार्च को साल का पहला सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण होगा, जिसके कारण यह भारत में नजर नहीं आएगा। भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2:21 से शुरू होगा और शाम 6:14 तक रहेगा। इस ग्रहण की कुल अवधि करीब 3 घंटे 53 मिनट तक होगी।

### सिकंदर ने एडवांस बुकिंग में कमाए 9.67 करोड़



**मुंबई।** एक्टर सलमान खान की फिल्म सिकंदर 30 मार्च को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल जैसे तमाम एक्टर्स नजर आने वाले हैं। सलमान खान के फैंस फिल्म के रिलीज होने का इंतजार काफी बेसब्री से कर रहे हैं। एडवांस बुकिंग 9.67 करोड की कमाई कर चुकी है।

## सवा करोड़ से अधिक सरकारी कर्मियों और पेंशनरों की जेब में आएगा 'और धन'

# महंगाई भत्ता 2 फीसदी और बढ़ा अब डीए 53% से बढ़कर 55%

**पिछली बार डीए में वृद्धि जुलाई 2024 में हुई थी जब इसे 50% से बढ़ाकर 53% किया गया था**

*डीए और डीआर दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष 6,614.04 करोड़ रुपए होगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार में लगभग सवा करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते डीए एवं महंगाई राहत डीआर में दो फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है। शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है।

एक जनवरी से देय महंगाई भत्ते की दर अब 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। गत वर्ष केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी। गौर हो कि डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, होली और दीवाली पर की जाती है।

हालांकि डीए/डीआर की दरों में वृद्धि हर साल एक जनवरी और एक जुलाई से किए जाने का प्रावधान है। अगर तय समय से कुछ माह बाद डीए की घोषणा होती है तो सरकारी कर्मचारियों के खाते में उतने ही माह का एरियर आ जाता है।

चूंकि डीए/डीआर की दरों में हुई बढ़ोतरी से सरकार पर हजारों करोड़ रुपए का भार पड़ता है। ऐसे में सरकार, डीए/डीआर की घोषणा, तीन चार माह देरी से करती है। इस अवधि के दौरान सरकार का पैसा निवेश होता है, जिस पर उसे अच्छा खासा ब्याज मिलता है। डीए और डीआर दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष 6,614.04 करोड़ रुपए होगा।





### डीए और डीआर से जुड़ा फैसला 1 जनवरी 2025 से लागू होगा

कैबिनेट के फैसले का ऐलान करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अतिरिक्त डीए और डीआर से जुड़ा फैसला 01 जनवरी 2025 से लागू होगा और सरकार इस मद में अतिरिक्त 7,716 करोड़ रुपए खर्च करेगी। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 महीने के औसत में वृद्धि के आधार पर डीए की दर तय की जाती है। डीए वृद्धि मद में सरकार ▶▶ शेष पेज 5 पर

*इस उदाहरण से समझें*

### 2 फीसदी डीए से होगा इतना फायदा?


| बेसिक वेतन | 2% वृद्धि | 53% डीए | 55% डीए |
|---|---|---|---|
| 18,000 | 360 | 9,540 | 9,900 |
| 25,000 | 500 | 13,250 | 13,750 |
| 35,000 | 700 | 18,550 | 19,250 |
| 52,000 | 1,040 | 27,560 | 28,600 |
| 70,000 | 1,400 | 37,100 | 38,500 |
| 85,500 | 1,710 | 45,315 | 47,025 |
| 1,00,000 | 2,000 | 53,000 | 55,000 |

### ताकि, वेतन अपना मूल्य न खो दे

*महंगाई भत्ता (डीए) सरकारी कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई से निपटने में मदद करने के लिए दिया जाने वाला भत्ता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बढ़ती महंगाई के कारण वेतन अपना मूल्य न खो दे। कर्मचारियों का मूल वेतन हर 10 साल में वेतन आयोग की ओर से निर्धारित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, महंगाई के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए डीए में समय-समय पर बदलाव किया जाता है।*

**भारतीय बंदरगाह बिल-25 को सदन में पेश करते वक्त कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी को लोकसभा अध्यक्ष की दो टूक**

## लोकसभा अध्यक्ष की अनुमति से ही चलेगा सदन में सांसदों का माइक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में यूं तो आए दिन कार्रवाई के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई मामलों पर नोकझोंक देखने को मिलती है। जो कि स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करती है। लेकिन कभी कभार ऐसे वाकिए भी होते हैं जो लंबे समय तक याद रहते हैं।

जी हां, ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को शून्यकाल में देखने को मिला। जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी के बीच हल्के-फुल्के चुटीले अंदाज में गंभीर टिप्पणी का आदान-प्रदान हुआ।

### बिरला को पत्र सौंपकर जताई नाराजगी

यहां बता दें कि बीते दिनों लोकसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जिक्र करते हुए उन्हें सदन के अंदर उसकी गरिमा और मर्यादा के हिसाब से आचरण करने की नसीहत दी थी। जिसके बाद राहुल भी बोलने के लिए खड़े हुए थे। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने इसके लिए उन्हें अनुमति नहीं दी और सदन की कार्रवाई को स्थगित कर दिया था। बाद में कांग्रेस नेता ने पत्रकारों से बातचीत में नाराजगी के साथ कहा था कि मैं लोकसभा में कई मुद्दों पर अपनी बात रखना चाहता हूं। लेकिन मुझे बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है। वहीं, कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी दलों के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मामले पर नाराजगी जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर उन्हें एक पत्र भी सौंपा है।

### बंदरगाह बिल से जुड़ा मामला

लोकसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस सांसद को भारतीय बंदरगाह बिल 2025 पर बोलने की अनुमति दी। मनीष तिवारी बोलने के लिए खड़े हुए कि तभी उनके दल के उपनेता गौरव गोगोई, पार्टी महासचिव केसी.वेणुगोपाल व अन्य सांसद अध्यक्ष से शिकायत करने लगे कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है। इसके बीच में मनीष बोले, अध्यक्ष जी आप ही बताइए कि सदन में बोलने के लिए माइक कैसे चालू होगा? उनका इशारा भी उक्त मुद्दे पर अपने दल के अन्य सांसदों के साथ जुड़ा हुआ था। जिसे तुरंत भांपते हुए जवाब में बिरला ने उन्हें साफ शब्दों में बता दिया कि लोकसभा में माइक तभी चालू होगा जब अध्यक्ष उसके लिए अनुमति प्रदान करेंगे। इसके बाद बिरला ने कहा कि क्या कांग्रेस सांसद बिल पर अपनी बात नहीं रखना चाहते हैं और फिर उन्होंने अन्य दलों के सदस्यों को विषय पर अपनी बात रखने के लिए बुलाना शुरू कर दिया। इस दौरान सदन में कांग्रेस सांसदों का हंगामा चलता रहा। अंत में हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने भारतीय बंदरगाह बिल को सदन में पेश किया।

**समझौते की कीमत 62 हजार 700 करोड़, एचएएल से खरीदे जाएंगे हेलिकॉप्टर**

## सीसीएस ने दी 156 स्वदेशी प्रचंड हेलिकॉप्टरों की खरीद से जुड़े मेगा रक्षा सौदे को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन-पाक की तरफ से बढ़ते युद्ध के साझा खतरे के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में सशस्त्र सेनाओं के लिए 156 हल्के युद्धक हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' (एलसीएच) की खरीद से



जुड़े कुल 62 हजार 700 करोड़ रुपए (टैक्स की धनराशि शामिल नहीं) के अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी प्रदान की गई है। 156 में से 90 हेलिकॉप्टर भारतीय सेना को और 66 वायुसेना को मिलेंगे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। दोनों सैन्य बलों को हेलिकॉप्टरों की सप्लाई देश के रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा की जाएगी। सीसीएस की मंजूरी के तुरंत बाद रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में एचएएल ▶▶ शेष पेज 5 पर

**भड़काऊ गाने पर प्रतापगढ़ी को राहत**

## बोलने की आजादी भी है लोकतंत्र का अभिन्न अंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद पर दर्ज की गई एफआईआर रद्द

सुप्रीम कोर्ट ने भड़काऊ गाने के मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

**केंद्र सरकार ने दी मंजूरी**

## जस्टिस वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट में हो गया तबादला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बार एसोसिएशनों का विरोध काम नहीं आया आखिर

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का उनके आधिकारिक आवास से नकदी मिलने के मामले में विवाद के बीच शुक्रवार को उन्हें उनके पैतृक इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**नेपाल में हालात बेकाबू!**

## काठमांडू में सेना उतरी, पुलिस फायरिंग में 2 की मौत, 15 घायल

एजेंसी ▶▶ काठमांडू



राजशाही बहाली की मांग को लेकर पड़ोसी नेपाल जल उठा है! राजधानी काठमांडू में शुक्रवार को भारी हिंसक झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुए टकराव में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि ▶▶ शेष पेज 5 पर

**नवरात्र से पहले वैष्णो देवी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

30 मार्च से शुरू हो रहा है चैत्र नवरात्र

## एआई से लैस कैमरे, ड्रोन से हो रही निगरानी कठुआ एनकाउंटर के बाद सतर्कता और बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ जम्मू

नवरात्र में माता वैष्णो देवी श्राइन में किसी प्रकार की भी अनचाही घटना से बचने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत एआई से लैस कैमरे, ड्रोन से निगरानी की जा रही है। चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और इन दिनों बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। कठुआ में हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों के एनकाउंटर के बाद और भी सतर्कता बढ़ गई है।

कटड़ा, पवित्र गुफा के बेसकैंप का ऑडिट करते हुए रईसी के एसएसपी परमवीर सिंह ने कहा कि हम देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सभी भक्तों को आश्वस्त करते हैं कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाएगी। हमने कटड़ा शहर में कई स्थानों पर सुरक्षा जांच की है और रणनीतिक स्थानों पर अतिरिक्त तैनाती की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस की संयुक्त टीमों के साथ-साथ त्वरित प्रतिक्रिया दल भी तैनात किए गए हैं और वे सतर्क हैं।



*'दर्शनी ड्योढ़ी' इस चैत्र नवरात्रि में तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार*

### 500-600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल रईस मोहम्मद भट ने बताया कि मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर सीआरपीएफ की कड़ी नजर है। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा मार्ग पर उन्नत एआई क्षमताओं से लैस 500-600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। श्री माता वैष्णों देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने कहा कि लगभग 40,000 तीर्थयात्री प्रतिदिन माता वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन के लिए आते हैं, सप्ताहांत में यह संख्या और भी बढ़ जाती है।

### अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए विश्राम क्षेत्र

*श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने 30 मार्च से 7 अप्रैल तक चलने वाले त्यौहार के दौरान तीर्थयात्रियों के लिए नए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है और अधिक सुविधाओं की व्यवस्था की है। अर्धकुंवारी में 1,500 तीर्थयात्रियों के लिए सभी मौसम के अनुकूल विश्राम क्षेत्र बनाया गया है। इस क्षेत्र में वाटर एटीएम, प्रसाद कियोस्क, जलपान इकाई और 'गर्भजून आरती' का सीधा प्रसारण होगा। बोर्ड ने कहा कि इसके अलावा, दो मंजिला कतार परिसर के साथ पुनर्निर्मित 'दर्शनी ड्योढ़ी' इस चैत्र नवरात्रि में तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार है।*

अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करे!



BACHPAN
www.bachpanglobal.com
1200+ Schools | 2 Lakh Students | 400+ Cities | 25 States
• निवेश 12-15 लाख एवं 200 वर्ग मीटर जगह • पाठ्यक्रम तथा संचालन में सहायता
• प्राइमरी/10+2 स्कूल अपग्रेड संभव • रॉयल्टी फ्री मॉडल
फ्रैंचाइजी दिल्ली–NCR के सभी क्षेत्रों से आमंत्रित-संपर्क करे :-
DELHI + GURUGRAM Anjali 8527945333
NOIDA Komal 9205041119
GHAZIABAD Anju 7042419033
OTHER CITIES Amit Kumar 9811437000
Registered Office: S.K. Tower, 9988/B-1, Sarai Rohilla, New Rohtak Road, New Delhi-110005
Ph: 011-35106666 • Mail: franchise@bachpanglobal.com • CIN: U74899DL1999PTC10125

## लूट, गोलीबारी और हमले के कई मामलों में शामिल

# विकासपुरी में पुलिस के साथ मुठभेड़ में अपराधी घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम दिल्ली के विकासपुरी में बृहस्पतिवार देर रात 25 वर्षीय एक वांछित अपराधी को पुलिस के साथ हुई संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान आकाश झा उर्फ मोनू के रूप में हुई है। वह मुठभेड़ में घायल हो गया जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वह लूट, गोलीबारी और हमले के कई मामलों में शामिल है। उन्होंने बताया कि झा उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर थाने में गुंडा अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में भी वांछित है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा कि झा को पहले मायापुरी पुलिस थाने में दर्ज 2024 में हुई गोलीबारी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह पिछले साल नवंबर में जमानत पर रिहा हुआ था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने विकासपुरी के इंदिरा कैंप नंबर पांच में झा के ठिकाने का पता लगाया। रात करीब डेढ़ बजे जब पुलिस ने वहां छापा मारा तो आरोपी ने गोलियां चला दीं। उन्होंने बताया कि एक गोली एक अधिकारी के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई और झा के बायें पैर में गोली लग गई। झा को तुरंत दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज हो रहा है। इलाज के बाद उसे औपचारिक तौर पर गिरफ्तार किया जाएगा।

### वांछित अपराधियों के साथ मुठभेड़ में कांस्टेबल घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में पुलिस और वांछित अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल गोली लगने से घायल हो गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि को पुलिस दल ने सशस्त्र डकैती में शामिल संदिग्ध लोगों के एक ठिकाने पर छापा मारा था, जिस दौरान यह मुठभेड़ हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने, सुल्तानपुरी थाने में दर्ज एक मामले में वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की। संदिग्धों की उपस्थिति की पुष्टि के बाद आधी रात के आसपास, जब पुलिस टीम वहां पहुंची तो अपराधियों ने भागने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल विकास और कांस्टेबल संदीप ने दो संदिग्धों का करीब 400 मीटर तक पीछा किया, तभी उनमें से एक ने गोली चला दी। पुलिस ने भी जवाब में गोलीबारी की, लेकिन कांस्टेबल संदीप के पेट और बाएं हाथ में गोली लग गई। कांस्टेबल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उनका इलाज हो रहा है।₹ पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो देसी पिस्तौल बरामद की।

### निगम प्रशासन ने किया शिक्षक को सम्मानित



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नरेला जोन वार्ड समिति के अध्यक्ष पवन सहरावत, निगम उपायुक्त पवन यादव, निगम पार्षद दिनेश भारद्वज्ज ने दो बच्चों की जान बचाने वाले निगम के स्कूल अध्यापक सतपाल सिंह को शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में सम्मानित किया। बता दें कि कुछ दिनों पहले शिक्षक न्याय मंच नगर निगम ने जानकारी दी थी कि नरेला जोन में कार्यरत शिक्षक सतपाल सिंह जब ड्यूटी से वापिस घर जा रहे थे तो नाहरी वाले पुल से पहले बहुत सारी गाड़ियां रुकी हुई थीं। पूछने पर पता चला कि दो बच्चे डूबते हुए बहते जा रहे थे। उसके साथ बच्चे आवाज लगाते चल रहे थे। उसी समय मास्टर सतपाल ने अपनी गाड़ी रोकी और सीधे नहर में कूद गए और दोनों बच्चों को अकेले ही बड़ी मुश्किल से एक एक करके बाहर निकाला। उसके बाद पेट से पानी निकालने के बाद दोनों बच्चों को थोड़ी देर बाद होश आ गया। अपनी जान पर खेलकर भी सतपाल सिंह ने दोनों बच्चों को बचा लिया।

## पुलिस ने छह अवैध बांग्लादेशी पकड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके से पुलिस ने छह संदिग्ध अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया जो पहचान छिपाने के लिए 'ट्रांसजेंडर' बने हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने अपना हुलिया बदलने और स्थानीय ट्रांसजेंडर समुदाय में घुलने-मिलने के लिए छोटी-मोटी सर्जरी और ₹हार्मोनल उपचार₹ भी कराया। पुलिस ने बताया कि वे बांग्लादेश में अपने परिवार से संपर्क करने के लिए एक प्रतिबंधित ऐप का इस्तेमाल करते पाए गए। सभी छह अवैध बांग्लादेशियों को निर्वासन कार्यवाही के लिए आर.के.पुरम स्थित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया। ये गिरफ्तारियां बृहस्पतिवार को कुछ क्षेत्रों में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों पर 10 दिनों के निगरानी अभियान के दौरान की गईं।

**नीलाम सूची तारीखः 09-04-2025 के लिए संशोधनी**

प्रशासनिक कारणों से जीएसडी/पांडु के अधीन सामग्रियों की बिक्री हेतु 09-04-2025 की ई-नीलाम सूची रद्द की जाती हैं।

डीवाई.सीएमएम/पांडु
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **भारत राठौर पुत्रः विजय राठौर, पताः** ए–706, ब्लॉक–10, लाल फ्लैट, सैक्टर–3, बवाना, दिल्ली ने **FIR No. 499/2023, U/s 380/411/34 IPC,** थानाः बवाना, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भारत राठौर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भारत राठौर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 499/2023, U/s 380/411/34 IPC,** थानाः बवाना, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **भारत राठौर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पनवार, एलडी.
महानगर दण्डाधिकारी 05
कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3866/ON/2025
(Court Matter)

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई–नीलामी–सह–आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''आईसीआईसीआई बैंक'') से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा (''सुविधा'') के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 08 अप्रैल 2025 को एक ई–नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई–नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362002234 | अनिल कुमार |
| 093362002605 | अनिल कुमार |
| 093362005233 | कुलदीप सिंह |
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट | |
| 049862004398 | रितु रितु |
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003344 | पिंकी पिंकी |
| शाखा का नाम : बाबैयान | |
| 215362002847 | चरणजीत कौर |
| शाखा का नाम : बेरी | |
| 403762000613 | रामभतेरी |
| शाखा का नाम : बिलासपुर – सरस्वती मार्केट | |
| 383362001217 | धीरज कुमार |
| 383362001369 | हनीफ* |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – ग्रीन फील्ड्स | |
| 732462000490 | सुषमा रावत |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–31 | |
| 488905000082 | मोहित चपराना |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर 79 | |
| 732362000572 | शनु देवी विरेन्द सिंह चौहान |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद एनआईटी | |
| 102505007181 | धीरज भाटिया |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–7 बल्लभगढ़ | |
| 107905002012 | मनीष शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सेक्टर–46 | |
| 389062001405 | संजय शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सेक्टर–14 | |
| 002162031707 | अजय कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव सनसिटी | |
| 039905009914 | दिपाली संधु |
| शाखा का नाम : हरियाणा रेवाड़ी | |
| 062662002829 | गजेन्द्र गजेन्द्र |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359662000722 | कुलबीर सिंह |
| शाखा का नाम : कलायत | |
| 378862001604 | अंकुश कुमार |
| शाखा का नाम : खरखौदा | |
| 396862000966 | ममता ममता |
| शाखा का नाम : कोसली | |
| 451562000107 | उजयंत सिंह |
| शाखा का नाम : महलौदा | |
| 204262000992 | हरीश चन्द |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382562001567 | अमित कुमार |
| 382562000890 | सोनिया देवी |
| शाखा का नाम : रानियां, हरियाणा | |
| 359762000548 | समप्रीत कौर |
| 359762000552 | समप्रीत कौर |
| 359762000823 | समप्रीत कौर पनूजा |
| शाखा का नाम : सफीदों | |
| 282762001932 | अन्नु बाला |
| शाखा का नाम : शाहाबाद | |
| 073162004044 | शेर सिंह |
| शाखा का नाम : रोहिणी, सेक्टर–3 | |
| 425405001124 | अनिल टंडन |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – ओखला फेज–1 | |
| 071605004798 | योगेश दीप भाटिया |
| शाखा का नाम : सांगरिया | |
| 175262002694 | दौलत राम |

दिनांक : 29.03.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, अम्बाला, फरीदाबाद, भिवानी, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, रेवाड़ी, झज्जर, जीन्द, कैथल, पानीपत

हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

### पुलिस ने अदालत में कहा

# केजरीवाल के खिलाफ जनता के धन का दुरुपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को यहां एक अदालत को बताया कि उसने राष्ट्रीय राजधानी में 2019 में बड़े होर्डिंग लगाकर जनता के धन का कथित तौर पर दुरुपयोग करने के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल के समक्ष दायर अपनी अनुपालन रिपोर्ट में यह बात कही। न्यायाधीश ने 11 मार्च को पुलिस को एक शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था, जिसमें संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच के लिए समय मांगा जिसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को नियत की है। केजरीवाल के अलावा, अदालत ने पूर्व विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की तत्कालीन पार्षद नितिका शर्मा के खिलाफ बड़े आकार के बैनर लगाने के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। साल 2019 में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल, मटियाला से तत्कालीन विधायक गुलाब सिंह (आम आदमी पार्टी) और द्वारका ए वार्ड की तत्कालीन पार्षद नितिका शर्मा ने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर'बड़े आकार के होर्डिंग्स लगाकर जानबूझकर जनता के धन का दुरुपयोग किया।

## मोदी अपने घर गाय रख सकते हैं, गरीब किसान अपने लालन पालन के लिए क्यों नहीं: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सवाल उठाया है कि जब देश के प्रधानमंत्री अपने घर में गाय पाल सकते हैं तो आम गरीब किसान अपने परिवार का पेट पालने के लिए घर में पशु पालन क्यों नही कर सकता। डीपीसीसी ने कहा कि दिल्ली में धीरे-धीरे खेती बाड़ी खत्म होती जा रही है, ऐसे में किसान परिवारों के लोग अपने घरों में एक-दो दुधारू पशु रखकर अपना गुजारा कर रहे है। डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि हमें यह समझ नहीं आता कि भाजपा सरकार दिल्ली वालों को शुद्ध दूध क्यों नहीं देना चाहती। भाजपा सरकार अब लगातार उन डेयरियों को भी हटाने की योजना बना रही है जिनको बसाया भी खुद सरकार ने ही था। दूसरी तरफ अब दिल्ली में धीरे-धीरे खेती खत्म होती जा रही है, ऐसे में किसान परिवारों के लोग अपने घरों में एक-दो दुधारू पशु रखकर अपना गुजारा कर रहे है। लेकिन अब यह भी सरकार की आंखों में खटक रहा है। यादव ने कहा कि यदि हम दिल्ली की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपने निवास पर गाय रख सकते है तो दिल्ली देहात के लोग अपने जीवन यापन के लिए दुधारू पशु क्यों नहीं रख सकते? सवाल यह उठता है कि क्या कानून प्रधानमंत्री और एक आम नागरिक के लिए समान नहीं है। देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा की मुख्यमंत्री श्री रेखा गुप्ता ने आवारा पशुओं को लेकर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि ये आवारा पशु दिल्ली नगर निगम और पुलिस की मिली भगत से सड़कों पर घूम रहे है और सरकार की नाकामी को दर्शाते हैं। जबकि इससे पूर्व कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने इन पशुओं के लिए गौशालाएं बनाई थी। लेकिन सत्ता बदलते ही पहले आम आदमी पार्टी और अब भाजपा गरीब किसानों व पशुधन रखने वाले लोगों को बर्बाद करने का कार्य कर रही है।

### आईपीयू : पीएचडी के लिए अब एक ही प्रवेश परीक्षा

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के मेडिसिन एवं अलाइड हेल्थ साइंसेज में पीएचडी करने के लिए अब एक ही प्रवेश परीक्षा होगी। पहले इसके अंतर्गत आने वाले सोलह स्पेशलाइजेशन के लिए अलग-अलग प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती थीं। आईपीयू के जनसंपर्क अधिकारी नलिनी रंजन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अब सभी स्पेशलाइजेशन के लिए प्रवेश परीक्षा का एक ही सीईटी कोड 321 होगा। यह पीएचडी द्वारका कैंपस स्थित यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ़ मेडिसिन एंड अलाइड हेल्थ साइंसेज के अंतर्गत होगी। यूनिवर्सिटी ने यह कदम आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रख कर किया है। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# 70 लाख रुपए की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के नरेला इलाके से मादक पदार्थों के दो तस्करों को गिरफ्तार करके उनके पास से लगभग 70 लाख रुपये मूल्य की 348 ग्राम हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान रसाल पठान उर्फ थंडू (33) और रहीम खान (27) के रूप में हुई है, दोनों उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के निवासी हैं। अधिकारी ने बताया कि रसाल पठान पर स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत और लूटपाट से जुड़े तीन मामले पहले से दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम ने 27 मार्च को एक गुप्त सूचना के आधार पर नरेला में दो संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से 348 ग्राम हेरोइन और मादक पदार्थ तस्करी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक स्कूटर जब्त किया गया। अधिकारी ने बताया कि नरेला पुलिस ने स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है।

# डीयू प्रतिनिधिमंडल ने अनूप लाठर के नेतृत्व में की राष्ट्रपति से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्वतंत्रता एवं विभाजन अध्ययन केंद्र (सीआईपीएस) द्वारा डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) के सहयोग से शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय का दौरे का आयोजन किया गया। दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डीयू के पीआरओ अनूप लाठर ने किया। इस अवसर पर सीआईपीएस के निदेशक प्रो. रविंदर कुमार और डीएसडब्ल्यू प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात भी की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा किए गए दाखिलों में अनाथ श्रेणी शुरू करने की पहल की सराहना की। इस अवसर पर अनूप लाठर ने डीयू की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक स्मारिका भेंट की। सीआईपीएस के निदेशक प्रो. रविंदर कुमार ने राष्ट्रपति को यात्रा के उद्देश्य के बारे में संक्षिप्त रूप से परिचित कराया। उन्होंने डीयू की अन्य अच्छी पहलों के अलावा, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा की गई सशक्तिकरण की सराहनीय पहल के रूप में अनाथ श्रेणी की शुरुआत पर भी प्रकाश डाला। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। उन्होंने छात्रों के साथ बातचीत भी की और छात्रों को दिल्ली विश्वविद्यालय के अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। दौरे पर गई इस टीम में सीआईपीएस की संयुक्त निदेशक प्रो. ज्योति त्रेहन शर्मा, डीएसडब्ल्यू की संयुक्त डीन प्रो. संगीता गदरे, डीएसडब्ल्यू की संयुक्त डीन प्रो. हेना सिंह और सांस्कृतिक परिषद के संयुक्त डीन डॉ. हेमंत वर्मा के साथ-साथ अनाथ श्रेणी के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले हुए 28 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र भी शामिल थे।

प्रो. रविंदर कुमार ने बताया कि इस यात्रा की परिकल्पना साउथ कैंपस के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह द्वारा तैयार की गई थी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के साथ सामूहिक फोटोग्राफ के साथ बातचीत समाप्त हुई, जिसके बाद राष्ट्रपति भवन द्वारा हाई टी का आयोजन किया गया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन नगला मेगा करनाल में नये डिवीजनल स्टोर और सहायक सिविल कार्यों का निर्माण। | बंद होने की तिथि 08.04.2025 | 5.59 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-134/2024-25/HEWP | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | डिस्पेंसरी, मानसरोवर पार्क, यूएचबीवीएन, रोहतक के शिकायत केन्द्र में विभिन्न सिविल कार्य। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 8.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-70/CCR/2024-25 | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | सेंट्रल स्टोर यूएचबीवीएन, रोहतक में चारदिवारी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 3.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-69/CCR/2024-25 | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | आरजीवीवी यूएचबीवीएन, रोहतक के सर्कल ऑफिस में फ्लूटेड वॉल पैनलिंग का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 4.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-67/CCR/2024-25 | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | एसई कार्यालय, मॉडल टाउन, यूएचबीवीएन, रोहतक के तृतीय तल पर फॉल्स सीलिंग का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 4.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-68/CCR/2024-25 | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/100/33417/I/88/7 दि. 28.03.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ पंचकूला में | समालखा में एसडीओ (सिविल) प्रशा. ब्लॉक परिसर में लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव + 2 कार्य। | 31.03.2025 07.04.2025 | 20.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | जिला फतेहाबाद में बाढ़ के पानी के कारण क्षतिग्रस्त रोड टोहाना रतिया रोड से धीर वाया गुल्लड़वाला कि.मी. 2.00 से 3.00 तक रोड आईडी 5399 का रिस्टोरेशन। | 26.03.2025 03.04.2025 | 24.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव निगधू जिला करनाल में आवास सहित सीएचसी का निर्माण (शेष आंतरिक ई.आई. केवल का प्रावधान) + 2 कार्य। | 27.03.2025 07.04.2025 | 10.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प कैथल | जिला कैथल में गुहला के न्यायालय परिसर में 1 अदद प्रथम तल पर कोर्ट रूम का निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.04.2025 | 49.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPD2KTL@GMAIL.COM |
| 5 | निदेशक राज्य परिवहन हरियाणा | 38 अदद विभिन्न क्षमताओं वाले जनरेटिंग सैट / अद्यतन विशिष्टताओं सहित कुल मूल्य 430.00 लाख (लगभग) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग हेतु निविदा। | 28.03.2025 25.04.2025 | 430 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 6 | वन विभाग हिसार | वर्ष 2025–26 हेतु मिनी चिड़ियाघर भिवानी और मिनी चिड़ियाघर पशुओं हेतु फीड की आपूर्ति। | 25.03.2025 01.04.2025 | 123.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-259233 dwlohisar@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ में 20 बहुउद्देश्यीय प्रिंटर (एमएफएम) की खरीद। | 01.04.2025 15.04.2025 | 10000 | https://etenders.hry.nic.in/ nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ के ओप्थालमोलॉजी विभाग हेतु 10 कैटरेक्ट सैट की खरीद। | 01.04.2025 15.04.2025 | 5000 | https://etenders.hry.nic.in/ nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | वुडन क्रेट्स। | 27.03.2025 11.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | मदीना लिंक ड्रेन के आरडी 0 से 32000 तक आई/सी + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.04.2025 | 7.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 68663/आर जेडी5 पर क्षतिग्रस्त लाइंड डब्ल्यू/सी की रिमॉडलिंग / पुनरोद्धार + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 722.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जलापूर्ति अभियांत्रिकी सब डिवीजन गोहाना में गांव बड़ौदा में बाढ़ संरक्षण कार्य हेतु नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। | 26.03.2025 01.04.2025 | 25.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 13 | महिला एवं बाल विकास विभाग पानीपत हरियाणा | एसएनपी आपूर्ति एडब्ल्यूसीएस को का परिवहन कार्य। | 21.03.2025 06.04.2025 | 8.5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 890110931 popnp.wcd@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज बोंद कलां | गांव सनग रोड के पशु चिकित्सा हस्पताल में चारदिवारी का निर्माण। | 26.03.2025 02.04.2025 | 12.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज अम्बाला | गांव महोआ खेड़ी में सामुदायिक केन्द्र की बीसी और गांव कंजाला के सामुदायिक केन्द्र में बीसी का निर्माण और गांव सानीवाली में एस/घाट की चारदिवारी का निर्माण (जीपी गन्नौली) ब्लॉक नारायणगढ़। | 26.03.2025 01.04.2025 | 23.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज कैथल | गांव बलवंती के शमशान घाट में शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 26.03.2025 02.04.2025 | 5.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416775366 kaithalsdopr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/320/33428/I/88/7 दि. 28.03.25

## खबर संक्षेप

### वासंतिक नवरात्र को लेकर मंदिरों में तैयारियां जोरों पर

**नई दिल्ली।** वासंतिक नवरात्र को लेकर राजधानी के छोटे बड़े मंदिरों में तैयारियां जोरों पर चल रही है। इनमें दिल्ली का पांडव कालीन प्राचीन सिद्धपीठ श्री कालका जी मंदिर, रानी झांसी रोड स्थित झंडेवाला मंदिर, छतरपुर स्थित कात्यायनी मंदिर, हरी नगर संतोषी माता मंदिर, रोहिणी रिंग रोड़ कालिका मंदिर, नरेला कालका मंदिर, यमुनापार प्रीत विहार गुफा वाला मंदिर, महरौली योगमाया मंदिर , श्री राजमाता झंडेवालान मंदिर गोरख पार्क शाहदरा सहित अन्य मंदिर शामिल है। प्रथम नवरात्र 30 मार्च से शुरू यह पर्व 6 अप्रैल 2025 तक चलेगा। नवरात्र पर्व को लेकर बाजारों में भी दुकानें सज चुकी है।

### बिगड़ती कानून व्यवस्था को डबल इंजन की सरकार भी सुधारने में नाकाम : यादव

नई दिल्ली। राजधानी में अपराध के मुददे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि गत 11 वर्षों से बिगड़ती ध्वस्त कानून व्यवस्था को डबल इंजन की सरकार भी नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है। इसलिए ही कानून व्यवस्था पर भाजपा की दिल्ली सरकार भी पिछली सरकार की भांति दिल्ली में हो रहे अपराधों को गंभीर नहीं मानकर सदन में चर्चा करना जरुरी नही मानती। उन्होंने कहा कि राजधानी में बढ़ती अपराधिक गतिविधियों के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है। क्या भाजपा की डबल इंजन सरकार भी दिल्ली में हर रोज हो रहे अपराधों को रोकने के लिए कुछ नहीं करेगी। अगर ऐसा है तो मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गृहमंत्री अमित शाह के साथ दिल्ली की कानून व्यवस्था सुधारने के लिए 28 फरवरी की बैठक क्या भ्रमित करने के लिए की थी। यह चिंताजनक है कि राजधानी में बढ़ते अपराध ग्राफ की जिम्मेदारी ना तो अमित शाह ले रहे है और न ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

### अभद्र टिप्पणी पर सपा के सांसद का किया पुतला दहन


**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित अलीपुर में राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (राजपा, सत्य) के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में महाराणा सांगा पर हाल ही में की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में पुतला दहन किया गया। सिसोदिया ने कहा कि राणा सांगा के शरीर पर 80 घाव होने के साथ ही एक हाथ, एक आंख और एक पैर खराब होने के बाद भी समाज हित में लड़ाइयां लड़ी। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के विरोध में जमकर नारेबाजी की और जय श्री राम के नारे लगाए। प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और सांसद रामजीलाल सुमन पर साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया। सिसोदिया ने पुतला दहन के बाद पैदल मार्च कर उत्तरी जिला दंडाधिकारी (डीएम) कार्यालय को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

### डीटीसी की कैग रिपोर्ट सार्वजनिक लेखा समिति को भेजी जाए ताकि जिम्मेदारों पर हो सके कार्रवाई

# पिछली सरकार ने कुप्रबंधन और लापरवाही के माध्यम से किया डीटीसी को बर्बाद : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की तरफ से 24 मार्च को प्रस्तुत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से संबंधित भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कामकाज पर निष्पादन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। इस चर्चा पर अपना वक्तव्य देते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि डीटीसी पर 60,741 करोड़ रुपए का कर्ज हो चुका है। वहीं कैग की रिपोर्ट में घोटाले के खुलासों को लेकर सीएम ने कहा कि डीटीसी में किए गए इन घोटालों और घोर कुप्रबंधन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। हम मांग करते हैं कि सीएजी रिपोर्ट को पीएसी (सार्वजनिक लेखा समिति) को भेजा जाए, ताकि इन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो और डीटीसी को पुनर्जीवित करने के ठोस प्रयास किए जा सकें। हमारा संकल्प है कि डीटीसी को एक बार फिर से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। सीएम रेखा गुप्ता अपने वक्तव्य में कहा कि डीटीसी की बसों की संख्या 2015 में 4,344 से घटकर 2023 में 3,937 रह गई। हमारी सरकार दिल्ली की परिवहन व्यवस्था में सुधार के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए दिल्ली के सभी आईएसबीटी को आधुनिक मल्टी स्टोरी कमर्शियल परिसरों के रूप में विकसित किया जाएगा। सीएम गुप्ता ने बताया कि कैग की यह रिपोर्ट डीटीसी की 2015-16 से 2021-22 तक की स्थिति का विश्लेषण करते हुए दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के सामने आने वाले गंभीर मुद्दों को उजागर करती है। पिछली सरकार के कार्यकाल में डीटीसी और दिल्ली परिवहन को जिस से कुप्रबंधन और लापरवाही के माध्यम से बर्बाद किया गया, वह बेहद चिंताजनक है। डीटीसी जोन केवल दिल्ली की जरूरतों को पूरा कर सकता था बल्कि लाभ कमाने वाली एक प्रमुख एजेंसी बन सकता था, उसे ऐसा स्थिति में पहुंचा दिया गया जहां केवल घाटा ही घाटा है। संचयी घाटा 60 हजार 741 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जबकि परिचालन घटना 14 हजार 198 करोड़ रुपए का हुआ। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि डीटीसी को जिस बुरी स्थिति में पहुंचा दिया गया है, उसका मुख्य कारण था पिछली सरकार में काम करने की इच्छाशक्ति का अभाव, उचित निगरानी की कमी और सरकार का ध्यान केवल विज्ञापनों पर केंद्रित होना था। दिल्ली में निर्धारित 814 बस रूट में से केवल 468 रूटों पर ही बसें चल रही थीं। जब बसें रूट पर नहीं चलेंगी, तो न जनता को सुविधा मिलेगी, न टिकट बिक्री से आय होगी। इसके अलावा, बसों के समय पर न चलने और खराब होने के कारण सरकार को 668 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। सरकार को केंद्र से 233 करोड़ रुपए बसों की खरीद के लिए मिले, लेकिन वह राशि भी खर्च नहीं की गई। पिछली सरकार के लोगों का ध्यान आखिर था कहां? आज भी ये यहां बैठकर शोर मचाते हैं, लेकिन जब सीएजी पर चर्चा करने का समय आता है, तो इनमें अपनी गलतियां सुनने की हिम्मत नहीं होती। इन्हें तो बस हर मुद्दे पर दूसरों पर उंगली उठाने की आदत हो गई है, चाहे कोई वास्तविक मुद्दा हो या न हो। सीएम ने कहा कि दिल्ली में डीटीसी और डिम्ट्स दो एजेंसी परिवहन विभाग में काम करती हैं। इन दोनों एजेंसियों केसाझे प्रोजेक्ट में भी घोटाला किया गया। डिम्ट्स में दिल्ली सरकार का 50 प्रतिशत औरआईडीएफसी का 50 प्रतिशत हिस्सा था। 2023 में केपीएमजी ने डिम्ट्स का मूल्यांकन 85 करोड़ किया गया, जिसका 50 प्रतिशत करीब 43 करोड़ रुपए बनता है। आईडीएफसी ने अपने शेयर दिल्ली सरकार को बेचने की पेशकश की, लेकिन दो साल तक फाइल पर कोई निर्णय नहीं हुआ।



#### बढ़ने की बजाय घटती चली गई बसों की संख्या

सीएम ने सदन में बताया कि 2015 में डीटीसी के पास 4,344 बसें थीं, जो घटकर 2023 में 3,937 रह गईं। सुप्रीम कोर्ट ने 2007 में कहा था कि दिल्ली में 11,000 बसों की जरूरत है, लेकिन 2023 तक केवल 3,937 बसें ही उपलब्ध हो पाईं। टिकटिंग को लेकर केजरीवाल ने कहा था कि महिलाओं को टिकट नहीं मिल रही। असल में, महिलाओं को टिकट तो मिल रही है, लेकिन विपक्ष को उनका हिस्सा नहीं मिल रहा है , और यही बात केजरीवाल को खल रही है।

#### आवारा पशुओं के संरक्षण के लिए बिल लाएगी सरकार: सूद

नई दिल्ली। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन प्राइवेट मेंबर डे पर चर्चा में बताया कि दिल्ली सरकार शीघ्र ही आवारा पशुओं के संरक्षण के लिए सशक्त बिल लाएगी। सूद ने बताया कि इस बिल में सभी हितधारकों और विधानसभा के सदस्यों के सुझावों को भी शामिल किया जाएगा। गौ माता को क्रूरता, प्रताड़ना आदि से बचाने के लिए प्रस्ताव के संबंध में सूद ने कहा कि यह प्रस्ताव गौ माता की सुरक्षा से ही संबंधित नहीं है, बल्कि यह पूरे सदन की भावनाओं और दिल्ली की जनता की भावनाओं से भी जुड़ा हुआ है। जो हमारी सनातन संस्कृति से अनुरूप भी है। सदन का हर सदस्य इस मुद्दे के साथ पूरी तरह से भावनात्मक और नैतिक रूप से भी जुड़ा हुआ है।

#### पिछली सरकार ने पानी-सीवर व्यवस्था पर कुछ नहीं किया : वर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा में पानी और सीवर संकट को लेकर 'आप' सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए कहा कि दिल्ली में एक भी विधानसभा ऐसी नहीं है, जहां के लोग कह सकें कि उनके इलाके में पानी और सीवर की कोई समस्या नहीं है। यह साबित करता है कि 'आप' सरकार ने 10 साल तक सिर्फ झूठे वादों और घोषणाओं से दिल्लीवासियों को गुमराह किया, लेकिन पानी और सीवर की व्यवस्था सुधारने के लिए कुछ नहीं किया। प्रवेश वर्मा ने कहा कि आप सरकार ने जल आपूर्ति को भी राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बना लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में जानबूझकर पानी की कटौती की और अपने विधायकों के इलाकों में सप्लाई बढ़ाई। यह आम जनता के साथ किया गया सबसे बड़ा अन्याय था। वहीं प्रवेश वर्मा ने साफ कहा कि आप सरकार के झूठ और दिखावे का दौर खत्म हो चुका है। अब दिल्ली में असली काम होगा, जनता की समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की राजनीति ने जनता को पानी तक से वंचित कर दिया था। अब दिल्ली में हर नागरिक को उसका हक मिलेगा। न कोई भेदभाव, न कोई राजनीति, सिर्फ जनसेवा होगी। दिल्ली के हर नागरिक को अब झूठे वादों के बजाय असली काम दिखेगा। जल मंत्री प्रवेश वर्मा के नेतृत्व में हर विधानसभा में साफ पानी और सुचारू सीवर कनेक्शन की व्यवस्था होगी। आप सरकार के भ्रष्टाचार और पक्षपात के दिन अब खत्म हो चुके हैं। दिल्ली को अब झूठी राजनीति नहीं, बल्कि ठोस विकास की जरूरत है और यह विकास अब होगा।

#### सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने पर आतिशी सहित कई विपक्षी सदस्य किए गए मार्शल आउट



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नेता विपक्ष आतिशी सहित कई विपक्षी सदस्यों को मार्शलों द्वारा सदन से बाहर निकाल दिया। गौरतलब है कि शुक्रवार को प्रश्नकाल के साथ सुबह 11 बजे के बाद जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई विपक्ष के सदस्यों ने दिल्ली की भाजपा सरकार से पूछा कि महिला समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपए की सहायता राशि कब प्रदान की जाएगी। इस सवाल के बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के सदस्य पोस्टर और बैनर सदन में लेकर पहुंचे जिन पर लिखा था कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को मासिक आर्थिक सहायता अब तक क्यों जारी नहीं की है। इसका चुनाव से पहले पार्टी ने वादा किया था। इस सवाल के बाद सदन में दोनों पक्षों की तरफ से हुए शोर शराबा के बीच दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विपक्ष के सदस्यों को सदन की कार्रवाई में व्यवधान डालने पर नेता विपक्ष आतिशी के साथ कई विधायकों को मार्शल के जरिए सदन से बाहर निकाल दिया। प्रश्न काल की कार्रवाई के दौरान जब सुरेंद्र कुमार ने सवाल किया तो सदन में हुए हंगामा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सबसे पहले विपक्षी सदस्य संजीव झा को सदन की कार्रवाई से बाहर किया गया। इसके बाद बारी-बारी से कुलदीप कुमार, विशेष रवि, मुकेश कुमार अहलावत, जनरैल सिंह, प्रेम चौहान, अजय दत्त, वीरेंद्र कादियान, सुरेंद्र कुमार, सहीराम पहलवान, पुनरदीप सिंह साहनी, अनिल झा, सुरेंद्र कुमार आदि को मार्शल के जरिए सदन की कार्रवाई से बाहर निकाल दिया गया। नेता विपक्ष आतिशी को भी महिला मार्शलों के जरिए सदन से बाहर किया गया।

### समर एक्शन प्लान तैयार

## हर विभाग में नियुक्त किए जाएंगे नोडल अधिकारी: प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पानी की समस्या दूर करन के लिए दिल्ली सरकार के जल विभाग ने समर एक्शन प्लान तैयार कर लिया। इसके तहत जल आपूर्ति सुचारू रखने के लिए हर क्षेत्र में नोडल अफसरों की तैनाती की जा रही है। इस बात की जानकारी जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने दिल्ली विधानसभा में विधायकों और जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ अहम बैठक करने के बाद दी। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि इस बैठक में जल संकट और समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हर दूसरे-तीसरे दिन हम मीटिंग कर रहे हैं ताकि यह पता चल सके कि कहां क्या स्थिति बनी हुई है, क्या शिकायतें आ रही हैं और हमारी तैयारियां कैसी हैं। प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में जल स्तर अच्छा है, और जहां मीठा पानी उपलब्ध है, वहां अधिक ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा, जहां टैंकर की जरूरत होगी, वहां टैंकर सेवा को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले टैंकर में केवल एक ड्राइवर होता था, लेकिन अब दो ड्राइवर तैनात किए जाएंगे ताकि जल आपूर्ति में कोई रुकावट न आए। बैठक में भाजपा और अन्य दलों के विधायकों के साथ जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जल संकट से सबसे अधिक प्रभावित इलाकों की पहचान की गई और जल आपूर्ति को सुचारू करने के उपायों पर चर्चा हुई। हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जल आपूर्ति में किसी भी तरह की अनियमितता को तुरंत दूर किया जाए और लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान हो। प्रवेश वर्मा ने कहा कि पानी के वितरण को लेकर कोई भेदभाव न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए हर क्षेत्र में नोडल अफसर तैनात किए जा रहे हैं। नोडल अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जल आपूर्ति की निगरानी करें और किसी भी समस्या की रिपोर्ट सीधे हमें दें।

### दिल्ली के किसानों को भी मिलेगा लाभकारी योजनाओं का फायदा : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि अब दिल्ली के किसानों को भी उन सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा जिन्हें अब तक इससे वंचित रखा गया है। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं रसायन, उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि अब दिल्ली में भाजपा सरकार आ गई है तो इन योजनाओं का लाभ पूरे देश की तरह दिल्ली में भी किसानों को मिलने लगेगा। लोकसभा में बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में से 23 में खेती होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश भर में किसानों के लिए जो लाभकारी योजनाएं घोषित की हैं, पिछले दस वर्षों में आप सरकार ने इन योजनाओं को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया जिससे दिल्ली के किसानों को उनका लाभ नहीं मिल पाया। दिल्ली के किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी नहीं मिल पाई। इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं रसायन, उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा ने सदन को बताया कि दिल्ली के किसानों को भी अब इन योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।




### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जरूरी दिशा-निर्देश किए जारी

## महापौर ने किया हिंदूराव अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार ने हिंदूराव अस्पताल का निरीक्षण किया, जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं और नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान महापौर महेश कुमार ने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए।

महापौर ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल भवन के रखरखाव कार्य की समीक्षा की। जहां उन्होंने बुनियादी ढांचे की स्थिति का आंकलन किया और आवश्यक मरम्मत या उन्नयन के लिए जरूरी निर्देश जारी किए। इसके अलावा महापौर ने दवा वितरण काउंटर का दौरा किया, जहां उन्हें दवाओं के मौजूदा स्टॉक और आपूर्ति के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए कि अस्पताल में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति हो और मरीजों को किसी किस्म की परेशानी का सामना ना करना पड़े। महापौर ने स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आम आदमी पार्टी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा के उच्च मानकों को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया कि सभी नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच हो। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद प्रकाश और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महापौर ने निरीक्षण किया। महापौर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के अपने प्रयासों के तहत, आप के नेतृत्व वाली एमसीडी अपने अस्पतालों के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को उन्नत करने के लिए काम कर रही है। शहर के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में से एक होने के नाते हिंदूराव अस्पताल जनता को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को किया काबू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध करवाने के मामले में आरोपी अजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 फरवरी को धीरज निवासी भनकपुर को एक पिस्तौल, 2 मैगजीन व एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया था। बीपीटीपी में मामला दर्ज किया गया, आरोपी ने पूछताछ में बताया था कि वह इस अवैध असला को अजय निवासी जाजरु से लाया था।

### वाहन चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी मुकीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हिमांशु निवासी भीम बस्ती फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सेक्टर-16 में दी अपनी शिकायत में बताया कि 7 सितंबर 2023 को वह अपनी बाइक पर लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर-16 गया था जब बाहर आकर देखा तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी।

### 3 इंस्पेक्टर, 2 सब इंस्पेक्टर हुए सेवानिवृत



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस परिवार के 8 सदस्य आज 28 मार्च को पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए है। जिनका विदाई समारोह कार्यक्रम कार्यालय पुलिस आयुक्त सेक्टर 21 सी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल के साथ पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ने सेवानिवृत पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने अपना 35 वर्ष से भी अधिक समय पुलिस विभाग को दिया। उनका सर्विस रिकॉर्ड अच्छा रहा तथा पुलिस विभाग में रहकर आमजन की सेवा की है।

# विधानसभा में भी उठा प्राइवेट स्कूलों की मनमानी का मुद्दा

*कमीशन खाने के चक्कर में एनसीईआरटी की जगह लगाई जा रही हैं प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें*

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सदन में कहा, प्राइवेट स्कूल किताब कॉपी वर्दी के नाम पर पेरेंट्स से मोटा पैसा ऐंठ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधानसभा के बजट सत्र में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी का मुद्दा उठा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सदन में कहा कि प्राइवेट स्कूल किताब कॉपी वर्दी के नाम पर पेरेंट्स से मोटा पैसा ऐंठ रहे हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने भी मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री को तीसरी चिट्ठी लिखकर बिना फॉर्म 6 जमा कराए प्राइवेट स्कूलों द्वारा बढ़ाई गई फीस व उनके द्वारा पेरेंट्स से खरीदवाई जा रही महंगी किताब कॉपी वर्दी आदि की जांच करने व दोषी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि मंच की ओर से प्राइवेट स्कूलों की मनमानियां के बारे में मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री को दो पत्र 11 दिसंबर 2024 व 7 मार्च 2025 को उनके अधिकृत मेल नंबर पर भेजे गए हैं लेकिन उन पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की गई है। मंच की ओर से अब तीसरा पत्र 27 मार्च को मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री को भेजा गया है। मंच का कहना है कि एक ओर मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री बयान जारी करते हैं कि जनहित के मुद्दे पर भेजे गए सभी पत्रों पर उचित कार्रवाई की जाती है तो दूसरी ओर मंच के पत्रों पर अभी तक कोई भी उचित कार्रवाई क्यों नहीं की गई है।

**खास बातें**

- हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने की सीएम से जांच की मांग
- स्कूल प्रबंधकों ने शासन की मर्जी के बगैर गैरकानूनी फंडों में की बढ़ोतरी

### 20 की कॉपी 60 रुपए में बेच रहे हैं



फाइल फोटो

मंच के प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा व लीगल एडवाइजर एडवोकेट बी एस विरदी ने कहा है मुख्यमंत्री शिक्षामंत्री को जानकारी दी गई है कि स्कूल प्रबंधकों ने शिक्षा निदेशक की मंजूरी के बिना ही ट्यूशन फीस व अपनी मर्जी से बनाए गए गैरकानूनी फडों में काफी बढ़ोतरी कर दी है। अब स्कूल संचालकों द्वारा कमीशन खाने के चक्कर में एनसीईआरटी की जगह प्राइवेट पब्लिशर्स की महंगी किताबों को पेरेंट्स से स्कूलों में खुली दुकानों व बाहर बताई गई अपनी दुकानों से खरीदवाया जा रहा है। प्राइवेट प्रकाशकों की किताबों की कीमत एनसीईआरटी की किताबों से काफी ज्यादा है। यह भी बताया गया है कि जो कॉपी बाजार में 20 की मिल रही है स्कूल वाले उसके कवर पेज पर अपने स्कूल का नाम लिखकर उसे 60 में बेच रहे हैं।

### उचित कार्रवाई की मांग की गई

मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया है कि मंच की ओर से 23 मार्च को चेयरमैन फीस एंड फंडस रेगुलेटरी कमेटी (एफएफआरसी) कम मंडल कमिश्नर को भी पत्र लिखकर प्राइवेट स्कूलों की इन मनमानियां की जानकारी देकर उचित कार्रवाई की मांग की गई की है लेकिन उन्होंने भी कोई उचित कार्रवाई नहीं की है। मंच ने जब जिला शिक्षा अधिकारी से इस विषय पर बात की तो उन्होंने कहा कि सबूत लाओ। सबूत बच्चों के बस्तों के अंदर मौजूद है। मंच का आरोप है कि नर्सरी से पहली कक्षा तक के बच्चों को तीन से चार हजार रुपए, कक्षा दो से पांचवीं तक चार से पांच हजार रुपये, कक्षा नौवीं से 12वीं तक सात से 10 हजार रुपये तक का किताब कॉपी स्टेशनरी का सेट बेचा जा रहा है जबकि बाजार में एनसीईआरटी किताबों के साथ यही सेट 600 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक है।

## प्रत्येक वार्ड के विकास के लिए दिए जाएंगे एक-एक करोड़ रुपए

# नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में 3722 करोड़ के बजट पर लगी मुहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम कार्यकारिणी की शुक्रवार को संपन्न हुई बैठक में 3722 करोड़ के बजट को मंजूरी मिल गयी। बैठक में प्रत्येक वार्ड के लिए एक-एक करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए जाने को मंजूरी दे दी गई है। हालांकि बैठक में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के चयन को लेकर खासा हंगामा हुआ परंतु बाद में कार्यकारिणी सदस्यों की आपसी सहमति के बाद यह बैठक बजट पास करने के बाद संपन्न हो गई। बैठक दोपहर 12 बजे शुरु हुई तो इसमें कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर कई सदस्यों ने विरोध करना शुरु कर दिया। बैठक में मौजूद कार्यकारिणी सदस्यों प्रवीण चौधरी, अजय शर्मा और पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा की आपत्ति के बाद निगम अधिकारियों ने सदन में ही निगम अधिनियम पढ़ा। जिसमें बताया गया कि कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के चुनाव के बिना निगम कार्यकारिणी की बैठक वैद्य नहीं मानी जा सकती। इसके बाद सभी सदस्यों के आपसी सामंजस्य से कार्यकारिणी की बैठक में बजट पास करवाया गया ताकि वित्त से संबंधित नगर निगम के कार्य सुचारु रूप से पूरे हो सकें। कार्यकारिणी की यह बैठक मेयर सुनीता दयाल अध्यक्षता में संपन्न हुई।

### 12 सदस्यों ने बजट पर स्वीकृति प्रदान की

कुछ सदस्यों ने बैठक से संबंधित प्रस्ताव देरी से मिलने पर भी अपनी नाराजगी प्रकट की। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इस पर अपनी सफाई देते हुए कहा कि कुछ तकनीकी समस्या उत्पन्न हो जाने के कारण सदन के सदस्यों के पास 72 घंटों के अंदर बैठक का प्रस्ताव नहीं पहुँच पाया। जिसके लिए उन्हें खेद है। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने भरोसा दिलाया कि कार्यकारिणी की आगामी बैठकों में प्रस्ताव को समय पर पहुँचाने के लिए सतर्कता बरती जाएगी। इसके बाद गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी के सभी 12 सदस्यों ने एकमत होकर बजट पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी। गाजियाबाद नगर निगम के इतिहास में यह पहला मौका है जब नगर निगम के सभी 100 वार्डों में एक-एक करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए जाने को मंजूरी दी गई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में बजट लगभग 1417 करोड़ रहा वर्ष 2023-24 में बजट 1684 करोड़ रहा वर्ष 2024-25 में बजट 2465 करोड़ रहा। जिसको और अधिक बढ़ाते हुए महापौर तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 बजट 3722 करोड़ पेश किया। सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने एक मत होकर ऐतिहासिक बजट का स्वागत किया। शहरहित में सभी वार्डों में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ेगी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निर्णय लिया गया।

### महापौर, आयुक्त ने सभी मदों पर चर्चा की



महापौर तथा नगर आयुक्त ने बारी बारी सभी मदों पर आय और व्यय पर चर्चा की गई। पार्षदों ने विज्ञापन से होने वाली आय पर गहनता से चर्चा करते हुए विज्ञापन से आय बढ़ाने के लिए प्रस्ताव रखा। गाजियाबाद नगर निगम माननीय कार्यकारिणी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के प्रस्तावित बजट पर विस्तार से चर्चा की गई। लगभग 2754 करोड़ आय प्रस्तावित की गई जिसमें संपत्ति कर, लाइसेंस, विक्रय, किराया, ठेका, शुल्क विविध आय शासकीय अनुदान एवं अन्य मदों को सम्मिलित किया गया व्यय 3033 करोड़ का रखा गया जिसमें सार्वजनिक निर्माण, जल सन्मरण एवं निस्तारण, प्रकाश विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग, खेलकूद व पुस्तकालय विभाग, संपत्ति विभाग विधि विभाग नजारत विभाग, गौशाला पशुपालन विभाग, अधिष्ठान विभाग को सम्मिलित किया गया।
महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि निगमकार्यकारिणी द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 के ऐतिहासिक बजट पर मोहर लगी है जो की सभी शहर वासियों के लिए उत्साह का विषय है। जिसके क्रम में सभी वार्डों के आंतरिक क्षेत्र में तथा शहर के बाहरी क्षेत्रों में भी विकास के कार्य होंगे जिससे सभी को लाभ मिलेगा। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 1600 करोड़ से बढ़कर 3722 करोड़ बजट प्रस्तावित किया गया है जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ शहर वासियों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मदों से होने वाली आय तथा शहर हित में होने वाले व्यय को भी ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक बजट प्रस्ताव वित्त किया गया।

## लंबित मांगों का समाधान न होने से नाराज

# सफाई कर्मचारी कल मंत्री गोयल के आवास का करेंगे घेराव: नरेश शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



प्रदेश के दमकल विभाग में कार्यरत पे-रोल, नियमित व कौशल निगम के दमकल कर्मचारी अपनी लंबित मांगों के समाधान न होने से नाराज भारी संख्या में 30 मार्च को फरीदाबाद पहुंचकर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और निकाय मंत्री विपुल गोयल के आवास का घेराव करेंगे इस घेराव कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में सफाई कर्मचारी भी शामिल होंगे।

उक्त बयान को जारी करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजिंदर सिन्द ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा हरियाणा अग्निश्मन विभाग कर्मचारी यूनियन ने बीते 25 फरवरी को दमकल कर्मचारियों की मांगों के समाधान हेतु 15 सूत्रीय मांग पत्र राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और निकाय मंत्री विपुल गोयल, प्रधान सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन व निकाय विभाग और महानिदेशक अग्निश्मन के नाम भेजा गया था इसके उपरांत महानिदेशक अग्निशमन के बुलावे पर यूनियन प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यालय पर लगभग 3 घंटे चली वार्ता में महानिदेशक ने कुछ मांगों को अपने लेवल पर मान लेने का और कुछ मांगों को सरकार के पास भेजकर उनका समाधान करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन महानिदेशक द्वारा 26 मार्च को यूनियन प्रतिनिधि मंडल को मुख्यालय पर बुलाकर सभी मांगों का सरकार द्वारा पूरा किया जाएगा कहकर टालमटोल वाला रवैया अपनाया गया है।

महानिदेशक के इस टालमटोल वाले रवैये को लेकर प्रदेश का तमाम दमकल कर्मचारियों में भारी गुस्सा पनप रहा हैं। वहीं मुख्य संगठनकर्ता गुलशन भारद्वाज ने मुख्यमंत्री के जनता के लिए 24 घण्टे खुले दरवाजे के झूठे दावे को खारिज करते हुए कहा कि यूनियन द्वारा सरकार को मांगों के पत्र बार-बार लिखने के बावजूद भी उन्हें बातचीत पर ना बुलाना सरासर नाइंसाफी है जिसका विरोध डटकर किया जाएगा।

उन्होंने बताया अगर 30 मार्च को फरीदाबाद में मंत्री के घर के घेराव कार्यक्रम में कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं होता तो अप्रैल में सभी दमकल केन्द्रों पर आंदोलन शुरू किए जाएंगे और उसके बाद हड़ताल का ऐलान किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा की भाजपा सरकार की होगी।

## सीटीएम अंकित ने सीएम घोषणा से जुड़ी शिकायतों को लेकर की समीक्षा बैठक

# सीएम घोषणा से जुड़े लंबित कार्यों का निपटारा कर एटीआर को पोर्टल पर भी करें अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




सीटीएम अंकित ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी तुरंत प्रभाव से गंभीरता के साथ सरल, सीएम विंडो और सीपी ग्राम पर प्राप्त शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें। उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में सीटीएम अंकित कुमार ने लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सरल, सीएम विंडो, सीपी ग्राम और सीएम घोषणा से जुड़ी लंबित शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक की।

सीटीएम अंकित कुमार ने बैठक में क्रमवार सभी विभाग के अधिकारियों, प्रतिनिधियों को सरल, सीएम विंडो, सीपी ग्राम और सीएम घोषणा से संबंधित आई शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों की विकास परियोजनाओं की प्रगति पर निरंतर अपडेट रहें। सरकार और प्रशासन का उद्देश्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो और ऑनलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों को सभी विभागों के अधिकारी डेलीबेसिज पर समीक्षा कर समाधान निकालें तथा सरल, सीएम घोषणा में जो भी कार्य अभी भी अधूरे है उनको जल्द से जल्द पूरा करें। सीएम घोषणा से रिलेटेड लंबित कार्यो का निपटारा करके एटीआर को पोर्टल पर भी अपडेट करें। उन्होंने कई विषयों पर संबंधित अधिकारियों से सुझाव भी सांझा किए व सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# भारत में मनोरंजन के भविष्य को नया आकार दे रहा है जियोहॉटस्टार

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे पसंदीदा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत करते हुए, जियोहॉटस्टार ने 100 मिलियन ग्राहकों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि दर्शकों की विविध पसंद को समझने और उनकी रुचि के अनुरूप मनोरंजन उपलब्ध कराने की जियोहॉटस्टार की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मंच भारत में स्ट्रीमिंग की परिभाषा को ही बदल रहा है। जिसे पहले एक सीमित वर्ग के लिए विशेष सेवा माना जाता था, वही अब करोड़ों लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। जियोस्टार में डिजिटल के सीईओ किरण मणि ने कहा कि नवाचार और विस्तार की इस यात्रा में हमारा ध्यान लगातार इस बात पर केंद्रित है कि हम स्ट्रीमिंग के भविष्य को आकार दें, उसे और अधिक सुलभ बनाएं और देशभर की अरबों स्क्रीन के लिए असीम संभावनाएं खोलें। 100 मिलियन ग्राहकों का आंकड़ा पार करना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत में डिजिटल क्रांति, कहानी कहने की ताकत और स्ट्रीमिंग के उज्जवल भविष्य की झलक है।

*14 अप्रैल को हिसार एटरपोर्ट से पीएम मोदी हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे*

# हिसार एयरपोर्ट में सफल लैंडिंग एवं उड़ान मंत्री गोयल ले रहे हैं पल-पल के अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट से 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। इसी तैयारी के तहत आज एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के एटीआर विमान ने ट्रायल के रूप में दिल्ली से उड़ान भरकर हिसार एयरपोर्ट के रनवे पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की और इसके बाद दिल्ली वापसी के लिए उड़ान भरी। गौरतलब है कि पिछले सात वर्षों से चल रहे इस प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल की तत्परता से नई सरकार में गति मिली है।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने पदभार ग्रहण करने के दिन ही सचिवालय में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया था कि वह नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों से मिलकर लंबित विषयों पर तेजी से काम करेंगे। कुछ ही दिनों में लगातार बैठकों के माध्यम से हिसार एयरपोर्ट की सभी बाधाएं दूर की गईं और इसी महीने एयरपोर्ट को डीजीसीए द्वारा लाइसेंस प्राप्त हुआ। लाइसेंस प्राप्त होने के बाद कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा था कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द ही प्रधानमंत्री से समय लेकर उन्हें हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करेंगे। अब, लाइसेंस मिलने के एक महीने के भीतर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हवाई सेवाओं का उद्घाटन करने जा रहे हैं।

हिसार एयरपोर्ट पर जारी ट्रायल रन को लेकर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा मैं हिसार एयरपोर्ट पर हो रहे ट्रायल रन की लगातार निगरानी कर रहा हूं। मेरी प्राथमिकता है कि उद्घाटन से पहले सभी आवश्यक परीक्षण और समीक्षाएं पूरी तरह सुनिश्चित हों, ताकि एयरपोर्ट अपनी पहली उड़ान से ही नागरिक सेवाओं, परिवहन और उद्योग को मजबूती देने में अहम भूमिका निभा सके।

### चुनिंदा शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरु की जाएंगी

उन्होंने इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा किए मुख्यमंत्री सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई गाथा लिख रहा है और उसी कड़ी में अब हिसार एयरपोर्ट का शुभारंभ होने जा रहा है। गौरतलब है कि हिसार एयरपोर्ट के शुरू होते ही यह हरियाणा का पहला वाणिज्यिक एयरपोर्ट बन जाएगा। शुरुआत में यहां से चुनिंदा शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू की जाएंगी, लेकिन भविष्य में आवश्यकता के अनुरूप नई उड़ानों को जोड़ा जाएगा।

## स्वच्छ धरा व ग्लोबल वार्मिंग से हो रहे नुकसान से लोगों को किया जागरुक

# साइकिल के जरिए भारत भ्रमण पर निकले दास पहुंचे फरीदाबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वच्छ धरा व ग्लोबल वार्मिंग से हो रहे नुक्सान से लोगों को जागरुक करते हुए भारत भ्रमण पर निकले पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कल्याणी इलाके के निवासी कौशिक दास फरीदाबाद पहुंचे। जहां बादशाह खान चौक पर फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति ने उनका माला पहनाकर व बुके देकर भव्य स्वागत किया। कौशिक दास लगातार साइकिल चलाकर 160 दिनों के बाद फरीदाबाद पहुंचे। वह 160 दिन में एक हजार से अधिक किलोमीटर की यात्रा कर चुके है। जहां उनका स्वागत फरीदाबाद के साइकिल चलाने वाले और समाजसेवियों ने फरीदाबाद पहुंचने पर किया और उनके रूकने का प्रबंध भी किया।

### कई यात्रा कर चुके हैं दास



फरीदाबाद के बीके चौक पर पहुंचे कौशिक दास का स्वागत फरीदाबाद रैफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा, दीपक झा, कैप्टन दिलीप भारती, आशीष कुमार, गुलशन कुमार, साइकलिस्ट गणेश कुमार, विजय दहिया और प्रताप सिंह ने स्वागत किया। इस मौके पर कौशिक दास ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल से होते हुए तिरूपति, रामेश्वरम, कन्याकुमारी, केरल, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, जम्मू, हरियाणा, दिल्ली से होते हुए अब फरीदाबाद पहुचे है। उन्होंने बताया कि अब आगे के लिए वह शुक्रवार को आगरा के लिए फरीदाबाद से रवाना होंगे। आगरा से कानपुर, लखनऊ, अयोध्या जी, प्रयागराज, वाराणसी, बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल जाऐंगे। कौशिक दास ने बताया कि वह 14 हजार किलोमीटर का लक्ष्य लेकर चले है। जिसमें अब तक वह 160 दिन में एक हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर चुके है।

### 29 वर्षीय छात्र हैं कौशिक

पश्चिम बंगाल निवासी कौशिक दास 29 वर्षीय है और वह एक छात्र है और एक गैराज में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग करते हुए काम सीख रहे है। कौशिक ने बताया कि वह दिल्ली से ऑटोमोबाइल की पढ़ाई की। नौकरी भी की थी। लेकिन पैशन को देखते हुए साइकिलिस्ट बन गया और अब तक कई साइकिल यात्राएं कर चुका हूं। उन्होंने बताया कि उनके घर में माता-पिता है। मां गृहणी है और पिता ड्राइवर है। ऐसे में भारत भ्रमण करने का मन किया, तो साइकिल से ही यात्रा शुरू कर दी। साइकिल के जरिये पूरा भारत घूमने का विचार है।

### नशा मुक्ति और बेटियों पर दें ध्यान

कौशिक दास ने बताया कि वह जब 18 या 20 साल के थे, तब से साइकिल से यात्रा करते आ रहे है और पर्यावरण तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नशा मुक्ति के अलावा स्टॉप क्राईम का संदेश दे रहे है। उन्होंने कहा कि वह लोगों को जागरूक करते है कि कूड़े को इधर-उधर न डालकर केवल निर्धारित स्थान पर डाले। वहीं नारी शक्ति देश की शक्ति है। वह जागरूक हो और अपने अधिकारों को जाने। वेस्ट बंगाल पूरा घूम चुके है और अब तक एक लाख किलोमीटर तक साइकिल चलाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पहले छोटी छोटी यात्राएं करते थे, लेकिन इस बार ये यात्रा पहली है, जो इतनी लम्बी है। उन्होंने बताया कि वह अकेले ही यात्रा कर रहे है, जिसके कारण पेट्रोल पंप पर रूकते है साथ ही पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में वह गुरूद्वारे में रूके। आज पहली बार है जो उनके लिए फरीदाबाद में रुकने का स्थान बीके सिविल अस्पताल के निकट चल रहे रेफर मुक्त धरना होगा।

# ठगी के मामले में आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार साइबर ठगों पर कार्रवाई की जा रही है। कैश अर्न पॉइंट्स दिलाकर क्रेडिट कार्ड का बिल कम करने के नाम पर ठगी करने के एक मामले में कार्यवाही करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपी सौरभ मांझी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ में सैक्टर-65 फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से फोन व वाट्सअप कॉल आया, जिसमें ठगों द्वारा कैश अर्न प्वाइंट के जरिए क्रेडिट कार्ड बिल को दस हजार रुपए कम करने बारे बताया गया, इसके बाद ठगों ने वाट्सअप पर एक लिंक भेजकर एप डाउनलोड करने को कहा तथा फिर शिकायतकर्ता से ठगों ने वेरिफिकेशन कोड पूछा गया जिसे बताने के बाद शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से 1,49,250 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने एक आरोपी सौरभ मांझी निवासी सतना मध्य प्रदेश हाल सेक्टर 37 गुरुग्राम को गिरफ्तार किया है।


## खबर संक्षेप

### बिहटा में बिछेगी नई रेल लाइनः रेलमंत्री वैष्णव



**पटना।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बिहटा-औरंगाबाद के बीच नई रेल लाइन के निर्माण के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने की मंजूरी दे दी गई है। रेल लाइन की लंबाई 120 किलोमीटर होगी। शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सदस्य उपेंद्र कुशवाहा के एक अतारांकित प्रश्न के उत्तर में वैष्णव ने कहा इस परियोजना के अंतिम स्थान का निर्धारण भी किया जाएगा।

### पिता के सामने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म



**रांची।** झारखंड के धनबाद में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां पिता के सामने बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। कुमारधुबी में दस साल की बच्ची के साथ वहीं के शादीशुदा युवक ने हैवानियत की है। नशे में धुत्त होकर सो रहे पिता के सामने से आरोपी युवक ने बच्ची का मुंह दाबकर दुष्कर्म किया। घटना बुधवार देर रात की है। गुरुवार दोपहर को मामला सामने आया।

### सास की तीमारदारी करने आई बहू प्रेमी संग फरार



**दरभंगा।** डीएमसीएच में सास का इलाज कराने आई बहू दस दिन तीमारदारी करने के बाद अचानक लापता हो गई। लापता महिला के पति ने थाने में पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है। उसने गांव के एक युवक पर एफआईआर दर्ज कराई है। दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सास की तीमारदारी कर रही एक बहू के अचानक प्रेमी संग फरार होने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने गांव के ही एक युवक अमरजीत दास पर बहला-फुसलाकर पत्नी को भगाने का आरोप लगाया है।

# अयोध्या में राम जन्मोत्सवः रामनगरी में मेला को लेकर उत्साह, होटलों...धर्मशालाओं में 90 फीसदी कमरे फुल

**30 मार्च से शुरू हो रहे रामनवमी मेला को लेकर लोगों में खासा उत्साह**

बड़ी संख्या में श्रद्धालु होम स्टे में कमरे बुक करा रहे हैं, लेकिन यहां भी हाउसफुल का बोर्ड लगने से श्रद्धालु परेशान हैं। अब मठ-मंदिरों और आश्रम में ठिकाना खोज रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में रामनवमी मेला 30 मार्च से शुरू हो रहा है। रामनवमी मेले का मुख्य पर्व रामजन्मोत्सव छह अप्रैल को उत्सव पूर्वक मनाया जाएगा। रामनवमी मेले में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। अयोध्या में होटलों और धर्मशालाओं के 90 फीसदी कमरे फुल हो चुके हैं। बचे 10 फीसदी कमरों के लिए मारामारी मची है। एक-एक कमरे के लिए होटल मालिकों के पास सिफारिशें आ रही हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु होम स्टे में कमरे बुक करा रहे हैं, लेकिन यहां भी हाउसफुल का बोर्ड लगने से श्रद्धालु परेशान हैं। अब मठ-मंदिरों और आश्रम में ठिकाना खोज रहे हैं।

**खास बातें**

- 50 लाख से अधिक आ सकते हैं भक्त
- लोगो में कमरे बुक कराने की मची होड़



### प्रतिदिन 70 से 80 हजार श्रद्धालु रामलला के दर्शन को पहुंच रहे

*रामनगरी में इस समय रोजाना 70 से 80 हजार श्रद्धालु रामलला के दर्शन को पहुंच रहे हैं। रामजन्मोत्सव अयोध्या का मुख्य पर्व माना जाता है रामलला के दरबार में रोजाना ढ़ाई से तीन लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच सकते हैं। रामनवमी मेले में अभी तक 15 से 20 लाख श्रद्धालु आते रहे हैं, लेकिन रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ी है। महाकुंभ मेले में दो माह में अयोध्या में तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। रामनवमी मेले में नौ दिनों तक मठ-मंदिरों में अनुष्ठान होते हैं। रामकथा, रामनाम संकीर्तन, नवाह पारायण, यज्ञ, हवन की धूम होती है। इन अनुष्ठानों में सहभागी बनने के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश के श्रद्धालु पहुंचेंगे।*

### 10 अप्रैल तक फुल हैं होटल, धर्मशाला

*होटल व्यवसायी रामजी पांडेय ने बताया कि रामनवमी को लेकर होटल 10 अप्रैल तक फुल हो चुके हैं। कमरा बुक कराने के लिए रोजाना 50 से अधिक फोन आ रहे हैं। होटल व्यवसायी अनूप गुप्ता ने बताया कि रामनवमी मेला में शामिल होने के लिए लोगों में कमरे बुक कराने की होड़ है। एक पखवाड़ा पहले ही सभी कमरे छह अप्रैल तक के लिए बुक हो चुके हैं।*

## विकसित भारत युवा संसद महोत्सव का आयोजन

# सीएम योगी ने युवाओं का किया स्वागत, बोले-लीक से हटकर करें काम, विकसित होगा नेतृत्व गुण

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार से विधान भवन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अगले दो दिन में 240 युवा विधानसभा में भाषण देंगे। इनमें से तीन सर्वश्रेष्ठ युवा संसद जाएंगे। इसका उद्देश्य 18 से 33 वर्ष के युवाओं की आवाज को सुनना है। साथ ही युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में चुने गए सभी युवाओं का देश की सबसे बड़ी विधायिका में स्वागत किया। प्रधानमंत्री आने वाले समय में भारत में युवाओं की भूमिका को लेकर संकल्पित हैं। वह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व को विकसित करने का उद्देश्य रखते हैं। 'माय भारत' अभियान पर दो वर्ष से मंथन चल रहा था। आज 240 युवा देश की सबसे बड़ी विधायिका में आए हैं। आपके लिए गौरव की

**खास बातें**

- हमारा शिष्टाचार ही भारत की पहचान है
- भारत को बदनाम यहीं के लोगों ने किया



### लेखपाल से मुख्य सचिव तक जनता की सेवा के लिए

*मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि संसदीय लोकतंत्र के तीन पिलर विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका से देश का संचालित होता है। विधायिका में अलग-अलग क्षेत्रों से चुने गए जनप्रतिनिधि अपनी बात रखते हैं। सभी के लिए नियम निर्धारित हैं। यहां जो नीति बनती है, वही सरकार के पास जाती है। कार्यपालिका उसे क्रियान्वित करती है। कोई कानून का पालन नहीं कर रहा हो तो उसकी सुनवाई के लिए न्यायपलिका है। लेखपाल से मुख्य सचिव तक प्रशानिक तंत्र जनता के लिए लगा रहता है। तीनों तंत्र एक दूसरे के पूरक हैं। एक नीति बनाता है। दूसरा उसे लागू करता है। तीसरा कोई कमी होने पर उसे दूर करता है।*

### ट्रेंड चला कि हमारी मांगे पूरी हो..चाहे जो मजबूरी हो

आगे बोलते हुए सीएम ने कहा कि ट्रेंड चला कि 'हमारी मांगे पूरी हों... चाहे जो मजबूरी हो'। इस वजह से तमाम समृद्ध शहर का प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री ने 25 वर्ष का विजन डॉक्यूमेंट रखा। इसमें विकसित भारत की परिकल्पना साकार की गई। प्रधानमंत्री ने पंच प्रण की शपथ ली। वही पंच प्रण विकास का आधार बनेंगे। नेतृत्व का गुण विकसित करने के लिए आचार-विचार बेहद जरूरी है। आचरण बेहद जरूरी है।

### सीएम ने सुनाई कथा...

सीएम ने कहानी सुनाई कि एक जंगल में दृष्टिबाधित रहता था। जंगल में शिकार की वजह से अंदर चल गया और भटक गया। रास्ते की खोज में लगे सैनिक ने दृष्टिबाधित से पूछा कि क्या किसी मृग को देखा है। उसने कहा कि मैं देख ही नहीं सकता। कुछ देर बाद राजा का मंत्री गुजरा और थोड़ा शालीनता से कहा, क्या किसी को गुजरते देखा है। उसने फिर वही जवाब दिया। कुछ देर बाद राजा पहुंचे। राजा ने प्रणाम कर पूछा कि आप यहां कबसे रह रहे हैं। कैसे आजीविका चलती है। राजा ने भी वही सवाल पूछा तो दृष्टिबाधित ने कहा, हां पहले मृग, फिर सैनिक और मंत्री गुजरे। अब राजा आया है। राजा ने कहा कि आपको कैसे पता कि मैं राजा हूं। उसने कहा कि आपका लहजा बता रहा है। भारत में रिश्तों की अनुपम श्रृंखला है। भारत को बदनाम यहीं के लोगों ने किया। हमारा शिष्टाचार ही भारत की पहचान है।

## पुलिस भी बेबस नजर आई

# राजस्व विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



एजेंसी ▶▶ मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में राजस्व विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने अचानक हमला बोल दिया। गांव के लोगों ने राजस्व टीम के कर्मचारियों और अधिकारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि ग्रामीण राजस्व अधिकारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीट रहे हैं। राजस्व अधिकारियों के साथ कुछ पुलिसकर्मी भी उनकी सुरक्षा के लिए गए थे, लेकिन गांव के लोगों की तुलना में पुलिसकर्मियों की संख्या इतनी कम थी कि पुलिसवाले भी बेबस नजर आए और अधिकारियों के साथ भागकर अपनी जान बचाई।

ग्रामीणों के इस हमले में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। नायब तहसीलदार की तहरीर पर पांच नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

### क्या है पूरा मामला

पूरा विवाद गौशाला की जमीन की मपाई को लेकर हुआ। ग्रामीणों ने गौशाला की पैमाइश का विरोध किया, लेकिन राजस्व विभाग की टीम पैमाइश पर अड़ी रही। इसके बाद ग्रामीण भड़क गए और राजस्व विभाग के अधिकारियों की पिटाई शुरू कर दी। जान बचाने के लिए अधिकारी भागे, लेकिन भीड़ ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। किसी तरह राजस्व टीम और पुलिसकर्मी मौके से जान बचाकर भागने में सफल रहे।

### सरकारी अधिकारियों पर हमले की घटनाएं बढ़ीं

पिछले एक सप्ताह में देश के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर स्थानीय लोगों के हमले की कई घटनाएं सामने आई हैं। कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश के रीवा में मऊगंज में ग्रामीणों के हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। इसके बाद अन्य राज्यों में भी पुलिसकर्मियों और अन्य सरकारी कर्मचारियों पर भीड़ के हमले की घटनाएं सामने आई हैं।

## पेज एक का शेष

### 7.7 के झटके ...

बैंकॉक के गवर्नर ने बताया कि इमारतों को हुए नुकसान के बारे में 169 कॉल मिले हैं। बैंकॉक में शहरी रेल प्रणाली अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है।

### पीएम के निर्देश पर...

यह दौरा होगा। इसके बाद वह श्रीलंका जाएंगे जहां उनकी यात्रा 4 से 6 अप्रैल तक चलेगी। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिशानायके ने प्रधानमंत्री को इस यात्रा के लिए आमंत्रित किया है।

**दोनों देशों से साधा संपर्कः मिस्री** : वहीं, पीएम की थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा को लेकर 28 मार्च को विदेश मंत्रालय में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि हम दोनों देशों के अधिकारियों के साथ संपर्क में बने हुए हैं। मामला भूकंप के बाद की राहत और सहायता से जुड़ा हुआ है। जिसे लेकर वर्तमान में हम म्यांमार में भूकंप से हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं। वहां के पदाधिकारियों के साथ संपर्क में यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि इस प्राकृतिक आपदा में वास्तव में उनकी क्या जरूरतें हैं? इसमें सहायता से संबंधित सामग्री शामिल है। जिसकी आवश्यकता पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से ही अपने पड़ोस में मुश्किल के समय पर सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला देश रहा है। जल्द से इससे जुड़ी हुई अपडेट मीडिया से साझा की जाएगी। जहां तक बैंकाक में प्रधानमंत्री मोदी की बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस व अन्य वैश्विक नेताओं से मुलाकात का सवाल है तो उस पर यात्रा से पहले मंत्रालय गौर कर रहा है। कोई सूचना होने पर सूचित किया जाएगा।

**सम्मेलन पर टिप्पणी नहीं की जा सकती** : मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने ब्रीफिंग में भूकंप से बैंकाक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के प्रभावित होने के एक सवाल के जवाब में कहा कि अभी उसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। हम थाईलैंड के अधिकारियों के साथ संपर्क में बने हुए हैं। समूह के साथ भारत के सहयोग का एक बिंदु आपदा राहत क्षमता को मजबूती प्रदान करने से जुड़ा हुआ है। सभी देश बिम्सटेक के एकीकरण को लेकर प्रतिबद्ध हैं। साथ ही हमें उम्मीद है कि बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग तंत्र के लिए एक मॉडल बनकर उभरेगा।

### 3 से 6 अप्रैल तक थाईलैंड...

मामलों की समीक्षा करेंगे। साथ ही भागीदारी को बढ़ाने से जुड़े अन्य उपायों पर भी बातचीत करेंगे। भारत और थाईलैंड समुद्री भागीदार हैं और प्राचीन ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संबंधों को साझा करते हैं। वहीं, थाईलैंड और श्रीलंका भारत की पड़ोस सबसे पहले, महासागर नीति और हिंद प्रशांत के विजन में खासी अहमियत रखते हैं। यात्रा के दौरान कुछ समझौतों और एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

### संबंधों को मिलेगी...

प्रमुखता से शामिल हैं। श्रीलंका में राष्ट्रपति दिशानायके के साथ होने वाली बैठक में दोनों नेता सहयोग व संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा वह श्रीलंका के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के कुछ नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। दोनों नेता अनुराधापुरा की यात्रा भी करेंगे और वहां भारत की वित्तीय मदद से तैयार की गई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। पूर्व में पीएम मोदी ने 2019 में श्रीलंका की यात्रा की थी।

### डीए और डीआर ...

इस वृद्धि के बाद अतिरिक्त 3,622 रुपए खर्च करेगी। वहीं डीआर मद में 2,992 रुपए का अतिरिक्त खर्चा आएगा।

### सीसीएस ने दी 156 स्वदेशी...

के साथ दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए। जिसमें रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा मंत्रालय ने 2 लाख 9 हजार 50 करोड़ रुपए के कुल 193 रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें से घरेलू उद्योगों के साथ किए गए समझौतों की संख्या 177 है और उनका कुल मूल्य 1 लाख 68 हजार 922 करोड़ रुपए है।

**हेलिकॉप्टर की विशेषताएं** : यह हेलिकॉप्टर टू सीटर है यानी इसमें पायलट के साथ सह पायलट भी मौजूद रहेगा। प्रचंड की लंबाई 51.10 फीट, ऊंचाई 15.5 फीट है। इसका कुल वजन 5 हजार 800 किलोग्राम, अधिकतम रफ्तार 268 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह नियमित रूप से तैनाती के दौरान तीन घंटे से अधिक की उड़ान भरने में सक्षम है। हेलिकॉप्टर में लगभग 700 किलोग्राम के हथियार लगाए जा सकते हैं। साथ ही ये लेह-लद्दाख सहित अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भी कार्य करने में सक्षम है।

**तीन साल में शुरू होगी आपूर्ति** : मंत्रालय ने कहा कि एचएएल से दोनों सेनाओं को प्रचंड हेलिकॉप्टरों की आपूर्ति समझौते के तीसरे साल में शुरू की जाएगी। जो कि अगले पांच वर्षों तक जारी रहेगी। इसकी मदद से अत्यधिक ऊंचाई वाले सुदूर सीमावर्ती इलाकों में सेना और वायुसेना की युद्धक, रणनीतिक क्षमता में काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्रचंड भारत का स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ विकसित किया गया हेलिकॉप्टर है। जो 5 हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर ऑपरेट कर सकता है। इसमें बड़ी तादाद में लगे हुए कलपुर्जे और उपकरणों को भारत में तैयार किया गया है। साथ ही इसकी खरीद के क्रियान्वयन के समय पर हेलिकॉप्टर में 65 फीसदी स्वदेशी तत्व को शामिल करने की योजना है। इस खरीद में 250 घरेलू कंपनियां शामिल होंगी। जिसमें ज्यादातर एमएसएमई हैं। 8 हजार 500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन भी होगा। मंत्रालय द्वारा हस्ताक्षर किया गया दूसरा समझौता फ्लाइट रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट केसी-135 की मेट्रिया मैनेजमेंट फॉर वेट लीजिंग से जुड़ा हुआ है। यह हवा में विमान में ईंधन भरने, वायुसेना, नौसेना के पायलटों को प्रशिक्षण देने में मददगार साबित होगा। मेट्रिया छह महीने की लीज प्रदान करेगी जो वायुसेना के लिए पहली एफआरए होगी।

### बोलने की आजादी ...

का अभिन्न अंग है। ऐसे ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी अदालत का कर्तव्य है कि संविधान और संविधान के आदर्शों का उल्लंघन न हो। कोर्ट ने कहा कि कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। पुलिस को लोगों की बुनियादी अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही बड़ी संख्या में लोग किसी दूसरे के विचारों को पसंद न करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए और उसकी रक्षा की जानी चाहिए। सेहतमंद समाज में बोलने की आजादी का सम्मान होना चाहिए। 3 जनवरी को प्रतापगढ़ी पर जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कथित भड़काऊ गीत गाने के लिए मामला दर्ज किया गया था। कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतापगढ़ी पर अन्य धाराओं के अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (धर्म, जाति आदि के आधार पर नफरत को बढ़ावा देना) और 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए खतरनाक दावे) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इमरान प्रतापगढ़ी की ओर से एक्स पर अपलोड की गई 46 सेकंड की वीडियो क्लिप में दिखाया गया है कि जब वह हाथ हिलाते हुए चल रहे थे, तो उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई जा रही थीं और एक गाना बज रहा था। इसे लेकर एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि इसके बोल भड़काऊ, राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले थे।

### जस्टिस वर्मा ...

यह जानकारी एक सरकारी अधिसूचना में दी गई। विधि मंत्रालय ने उनके तबादले की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी की। इस सप्ताह की शुरुआत में उनके तबादले की सिफारिश करते हुए सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने कहा था कि यह कदम होली की रात आग लगने की घटना के बाद न्यायमूर्ति वर्मा के घर से नकदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच के आदेश से अलग है। उधर, इस मामले में कोर्ट ने उन पर एफआईआर से इंकार कर दिया है।

### काठमांडू में सेना उतरी...

30 से ज्यादा घायल हुए। हालात को काबू में लाने के लिए नेपाली सेना को तैनात किया गया है। कोटेश्वर, टिंकुने, बनेश्वर और एयरपोर्ट जोन में शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। कुछ इलाकों में किसी को भी घूमने-फिरने की इजाजत नहीं होगी। कर्फ्यू के बावजूद, वैध टिकट वाले यात्रियों को एयरपोर्ट जाने की अनुमति दी जाएगी। सरकार ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। काठमांडू में हुई हिंसा के बाद हालात पर चर्चा के लिए कैबिनेट की एक आपातकालीन बैठक की।

राजशाही की मांग : हजारों प्रदर्शनकारी, जिनके हाथों में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के फोटो और नेपाली झंडे थे, टिंकुने इलाके में जमा हुए। यहां राजा आओ देश बचाओ, भ्रष्ट सरकार मुर्दाबाद और हमें राजशाही वापस चाहिए, जैसे नारे लगे। उन्होंने पत्थरबाजी की, सीपीएम-यूनिफाइड सोशलिस्ट्स के दफ्तर पर हमला किया और 8 वाहनों को आग लगा दी। चाबहिल स्थित भाटभटेनी सुपरमार्केट को लूटा गया, जबकि कान्तिपुर टीवी और अन्नपूर्ण पोस्ट के दफ्तरों को भी नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स तोड़ दिए। घायलों में आधे से ज्यादा पुलिसकर्मी हैं। इसी दौरान, राजशाही विरोधी समूहों ने भी प्रदर्शन किया। संसद के पास जमा हुए गणतंत्र समर्थकों ने कहा कि नेपाल अतीत में नहीं लौटेगा। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे, इसलिए राजशाही समर्थक सिर उठा रहे हैं। लेकिन गणतंत्र ही भविष्य है।

# राज्यपाल ने वितरित की प्री स्कूल किट बोलीं- समाज से खत्म करना होगा जातिवाद

**डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल हुईं आनंदीबेन**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यूपी के अयोध्या में शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री स्कूल किट वितरित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज से ऊंच-नीच का भेदभाव और जातिवाद का जहर खत्म करना होगा। इसकी शुरुआत हमें बच्चों से करनी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय गांवों को गोद लेकर बच्चों के विकास में योगदान कर रहे हैं। अब नशे के खिलाफ अभियान खड़े जाने की जरूरत है। इसमें छात्र-छात्राएं अपना योगदान सुनिश्चित करें। इसके लिए समाज



को जागरूक करें। गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें। राज्यपाल ने कहा कि बेटी स्वस्थ जीवन जिये, इसकी चिंता परिवार को करनी होगी। हर घर की बेटी को वैक्सीन दिलाया जाना आवश्यक है। बेटियों को आगे बढ़ाना है तो उन्हें शिक्षित और संस्कारिक बनाना होगा। आज के समय में महिलाएं घर का भी काम कर रही हैं और बाहर का भी। महिलाओं को सशक्त बनाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

### बहू को बेटी की तरह संभाल कर रखें

राज्यपाल ने कहा कि समाज के सभी लोगों को संकल्प लेना होगा कि बेटी के ब्याह में कुछ नहीं लेना है। बहू को बेटी की तरह संभाल कर रखना है। उन्होंने नौ से 14 साल तक की बेटियों को कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने का अभियान चलाने की जरूरत बताई। इसके लिए सरकार और प्रशासन को समाज के सक्षम लोगों से मदद लेने की नसीहत भी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश और गुजरात में अब तक डेढ़ लाख बेटियों को कैंसर से बचाने वाली वैक्सीन दिलाई गई है।

### बिजली चोरी मामले में 10 लोगों पर मामला दर्ज

**हजारीबाग।** हजारीबाग के गोरहर थाना क्षेत्र बिजली चोरी छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बिजली चोरी के मामले में 10 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। दर्ज मामले में भीम मंडल, फरीद अंसारी दोनों बनवारी निवासी, शेषनाथ सिंह पिता लक्ष्मी सिंह बरवा टोला, तुर्कडीहा, रामेश्वर साव, कृष्णा ठाकुर, मंजू देवी पति कन्हाई ठाकुर, राजकुमार ठाकुर पिता चूटु , निर्मल देवी पति ब्रह्मदेव , चिंता देवी पति विशेश्वर ठाकुर, द्वारिका ठाकुर सभी नावाडीह निवासी शामिल हैं। इन लोगों पर कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर गोरहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। साथ ही उन्होंने कहा कि व्यवसाय के लिए उपभोक्ताओं को अलग से कनेक्शन लेना होगा। छापामारी दल में सहायक विद्युत अभियंता सत्यनारायण भोक्ता समेत अन्य विद्युतकर्मी शामिल थे।

## लालू यादव केस में हैं सजायाफ्ता

# चारा घोटाले के दोषियों से 950 करोड़ वसूलने की तैयारी में नीतीश सरकार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले चारा घोटाला मामले में नीतीश सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। बताया जा रहा है कि बिहार सरकार चारा घोटाले की 950 करोड़ रुपए की वसूली के लिए कोर्ट जाएगी। इस मामले में सीबीआई और इनकम टैक्स से बातचीत करेगी। यानी 1990 के दशक में जो लोग चारा का पैसा डकार गए, उनपर सरकार शिकंजा कसने की तैयारी में है।

यहां याद दिला दें कि चारा घोटाला मामले में पटना हाई कोर्ट ने सीबीआई को जांच सौंपने के दौरान उस घोटाले की रकम वसूली की जिम्मेदारी भी सौंपी थी। यह वसूली दोषियों की संपत्ति जब्त कर वसूला जाना था। लेकिन करीब ढाई दशक बीत जाने के बाद भी घोटाले का एक भी रुपए सरकारी खजाने में नहीं पहुंचा है। बता दें कि पशुपालन विभाग की छापेमारी में खुलासा हुआ था कि विभाग में 950 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। इस मामले में जून 1997 में मुकदमा दर्ज किया गया, जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव आरोपी बनाए गए थे। इस घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा का भी नाम शामिल था।

**खास बातें**

- बिहार सरकार चारा घोटाले की 950 करोड़ रुपए की वसूली के लिए कोर्ट जाएगी
- नीतीश सरकार का यह कदम चुनावी साल में बड़ा मुद्दा बन सकता है
- घोटाले में शामिल नेताओं के नाम फिर से उठाए जा सकते हैं



### चुनावी साल में बड़ा चुनावी मुद्दा भी बन सकता है

बताया जा रहा है कि अगर नीतीश सरकार चारा घोटाले की रकम वापस लाने की कोशिश करती है तो देशभर में यह एक बड़ी पहल होगी। इतना ही नहीं, सरकार इसपर कोई पुख्ता कदम उठाती है तो वह चुनावी साल में बड़ा चुनावी मुद्दा भी बन सकता है। साथ ही इस मामले में जो भी राजनेता संलिप्त रहे हैं उनके नाम को जनता के बीच नए सिरे से उछाला जा सकेगा। हालांकि यह मामला अभी कोर्ट में है, इसलिए बिहार सरकार पूरी तैयारी के साथ कदम उठाने के प्रयास में है। यहां बता दें कि चारा घोटाला का मामला बिहार और झारखंड दोनों राज्यों से जुड़ा रहा है। ऐसे में दोषियों से 950 करोड़ रुपए की वसूली करना इतना आसान नहीं होगा। इसका दूसरा पहलू यह है कि उस वक्त का 950 करोड़ रुपए की रकम मौजूदा वक्त में कितनी होगी यह भी बड़ा सवाल है।


आमचो बस्तर

# ऐसा जादू है मेरे बस्तर में...

चित्रकोट जलप्रपात जगदलपुर से 37 किमी और रायपुर से 290 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। भारत का नियाग्रा के नाम से ख्यात यह भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात है। बरसात के मौसम में यह 300 मीटर तक फैल जाता है और यहाँ से बहुत सारे झरने बहते हैं।

SCAN QR

चित्रकोट वॉटरफॉल की ख़ूबसूरती और भव्यता का अनुभव करने के लिए स्कैन करें



## धुड़मारास

धुड़मारास गांव बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा इसका चयन सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम के लिए किया गया है। यहाँ की विशेषता अदभुत आदिवासी जीवनशैली और पारंपरिक व्यंजन है। यह गांव प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध है।



## बस्तर दशहरा

रावण वध की प्राचीन परंपरा से अलग हटकर बस्तर का दशहरा राजवंशीय संस्कृति एवं लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। बस्तर दशहरा 75 दिनों तक मनाया जाता है, जिसकी ख्याति देश-विदेश में है। बस्तर दशहरे का इतिहास 500 वर्षों का है।




## कुटुमसर गुफा

यह भारत की सबसे लंबी भूमिगत और दुनिया की दूसरी सबसे लंबी प्राकृतिक गुफा है। यह ज़मीन से 35 मीटर नीचे है और इसकी लंबाई लगभग 1370 मीटर है। स्टैलेक्टाइट और स्टैलेग्माइट की संरचनाएँ इस गुफा को आकर्षक बनाती हैं। कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान में स्थित इस गुफा के अंदर अंधी मछलियाँ पाई जाती हैं।



## इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान

लगभग 2,799.08 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्य है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान राज्य के चार टाइगर रिज़र्व में से एक है। साथ ही यह लुप्तप्राय जंगली भैंसों का एक महत्वपूर्ण पर्यावास है। इस क्षेत्र को 1981 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया और 1983 में इसे टाइगर रिज़र्व का दर्जा मिला।



## रॉक क्लाइम्बिंग

छत्तीसगढ़ पर्वतारोहण पहल राज्य की साहसिक खेलों की संभावनाओं को उजागर करती है, तथा झरनों, गुफाओं और हरियाली के अद्भुत प्राकृतिक परिदृश्य के बीच एक जीवंत पर्वतारोहण समुदाय को बढ़ावा देती है।



## रामाराम

छत्तीसगढ़ का पहला रॉकगार्डन सुकमा जिले के रामाराम में स्थित है। भगवान राम ने वनवास के दौरान यहाँ माता चिटमिट्टिन की पूजा की थी। यहाँ प्राचीन चिटमिट्टिन माता मंदिर के पास ही रॉक गार्डन स्थित है। इस रॉक गार्डन में स्थित गुफा में भगवान राम के जीवन का सचित्र चित्रण किया गया है।





श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

चिंतन

# चालू खाता घाटा बढ़ने का पड़ेगा नकारात्मक असर

बेशक भारत तेज जीडीपी दर वाला देश हो, लेकिन आर्थिक संकेतक चेतावनी दे रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश का चालू खाता घाटा मौजूदा वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत हो गया। चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि का मुख्य कारण व्यापार घाटे का अधिक होना है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 10.4 अरब डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था। राजस्व घाटे में भी लगातार वृद्धि हुई है। उद्योग जगत से भी चिंताजनक आंकड़े आए हैं। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी। मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई। आठ प्रमुख क्षेत्र (क्रूड ऑयल, प्राकृतिक गैस, कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, उर्वरक, इस्पात व बिजली) औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये कमजोर होते जा रहे हैं, शेयर बाजार में उठापटक जारी है। सोने पर भारी दबाव है, पिछले दो तिमाही से जीडीपी दर सिकुड़ रही है, ऐसे में सरकार के लिए आर्थिक मोर्चे पर स्थिति जल्द संभालने की आवश्यकता है। चालू खाता घाटा (करेंट अकाउंट डेफिसिट-कैड) बढ़ने से अर्थव्यवस्था पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं, जैसे कि मुद्रा की कीमत में गिरावट, विदेशी निवेश में कमी, और ऋण स्तर में वृद्धि आदि। चालू खाता घाटा लगातार बना रहने पर सरकार को इसका वित्तपोषण करना पड़ता है और ऋण लेना पड़ता है। साथ ही कैड बढ़ने देश में आर्थिक संकट का संकेत मिलता है, जिसका अर्थ है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां देश की रेटिंग घटा सकती हैं। कैड में व्यापार खाता (वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात और निर्यात), सेवा खाता (सेवाओं का आयात और निर्यात) और विदेश से शुद्ध आय (जैसे कि प्रेषण) शामिल हैं। चालू खाता घाटा की स्थिति तब होती है जब किसी देश के वस्तु और सेवाओं के आयात का मूल्य उसके निर्यात से अधिक होता है। कैड बढ़ने का असर विकास पर पड़ता है, क्योंकि यह राष्ट्रीय निवेश और बचत से निकटता से जुड़ा हुआ है। यह विनिमय दरों को प्रभावित करता है और इस प्रकार किसी अर्थव्यवस्था की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को भी प्रभावित करता है। विदेशी मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से भी कोई मदद नहीं मिल रही है। रुपये में गिरावट जारी है। कैड और राजकोषीय घाटा संयुक्त रूप से दोहरा घाटा है जो शेयर बाज़ार और निवेशकों को प्रभावित कर सकते हैं। कैड का बढ़ना देश में निवेश सेंटिमेंट को बढ़ाता है। हाल के महीनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसे निकाले हैं। पिछले कुछ महीनों से भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ा है, जिसका मतलब है हम निर्यात से अधिक आयात कर रहे हैं, यह स्थिति तब है जब सरकार मेक इन इंडिया व वोकल फोर लोकल अभियान चला रही है। व्यापार घाटा बढ़ने का ही नतीजा है कि केड बढ़ रहा है। आयात पर अंकुश लगाकर व निर्यात को बढ़ावा देकर सरकार चालू खाता घाटा को कम कर सकती है। भारत को ग्लोबल मार्केट में अपने लिए नए अवसर बनाने चाहिए।



विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है। भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है।

# देश में सहकारिता से आएगा बदलाव

भारत में सहकारिता का यह स्वर्णिम काल है। इस समय देश के गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं सहकारिता आन्दोलन की बयार को तेज कर दिया है। देश में आज़ादी के बाद सहकारिता को लेकर किया जा रहा कार्य स्वर्णाक्षरों में अंकित हो रहा है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भी पेश कर दिया और सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। देश में निश्चय ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में गहरी सोच का अभाव था, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता के विकास में अरुचि थी। इससे न तो सामाजिक समावेशिता के लक्ष्य पूर्ण हो पा रहे थे और न ही नवाचार में हमारे युवाओं व वैज्ञानिकों के बीच सोच विकसित हो पा रही थी। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार के बाद सहकारिता मंत्रालय की स्थापना एक दूरदर्शी लक्ष्य रहा है।

इस मंत्रालय की बागडोर सहकारिता में अभिरुचि रखने वाले नेता अमित शाह ने जब सम्हाली तो उन्होंने कम समय में बहुत कुछ कर दिखाया जिससे आज भारत का आम आदमी लाभान्वित हो रहा है। वस्तुतः भारत में सहकारिता में जनमानस की अपनी सहभागिता दिखती रही है। सहकारिता मंत्रालय बन जाने से इस क्षेत्र में फोकस होकर कार्य करने और उपलब्धियों को हासिल करने में बल मिला है। इससे जन सरोकार को बल मिला है और अच्छी बात यह है कि भारत के लोग अपने उद्यम, अपने श्रम और अपनी गरिमा को संयोजित व सुरक्षित करने लगे हैं। लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पेश करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा भी कि सहकारिता एक ऐसा विषय है जो देश में हर परिवार को छूता है। हर गाँव में कोई न कोई ऐसी इकाई है जो सहकारिता के माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के काम में जुटी हुई है और देश के विकास में योगदान करती है। आजादी के 75 वर्षों बाद आज देश को पहला सहकारिता विश्वविद्यालय मिल रहा है। इस विधेयक के पारित होने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता का विकास होगा, सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी और नवाचार तथा अनुसंधान में कई नए मानांक स्थापित करने के अवसर भी मिलेंगे। सबसे अहम् बात जो अमित शाह ने कही, वह यह कि इस प्रकार पूरे देश को सहकारिता की भावना से युक्त और आधुनिक शिक्षा से लैस एक नया सहकारिता नेतृत्व मिलेगा।

भारतीय समाज में सहकारिता की यह अलख जगाने की इच्छाशक्ति निःसंदेह प्रशंसनीय है और अनुकरणीय भी है। भारतीय जनमानस को स्वावलंबन देने व अपने संकल्प से देश को विकास पथ पर आगे ले जाने की दिशा में यह अमित शाह का कार्य है। उनकी इस विश्वविद्यालय को स्थापित करने के पीछे मंशा बहुत पवित्र है, सबसे महत्वपूर्ण यह है। वह इस कोऑपरेटिव क्षेत्र के विकास और विस्तारित करने की कोशिश में हैं। वह चाहते हैं कि प्रशिक्षित मानव संसाधन की जरूरत हमें पड़ेगी, उसकी भरपाई त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी से वह पूरा कर सकें। अमित शाह ने उम्मीद ही नहीं विश्वास व्यक्त किया है कि सहकारी यूनिवर्सिटी बनने के बाद इसके डिप्लोमा और डिग्री धारकों को नौकरी



मिलेगी। इस यूनिवर्सिटी से हम डोमेस्टिक के साथ ग्लोबल वैल्यू चैन में भी बड़ा योगदान करेंगे। न्यू एज कोऑपरेटिव कल्चर भी इस यूनिवर्सिटी से शुरू होगा। उनकी चिंता है कि देशभर में हजारों की संख्या में सहकारी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान फैले हुए हैं, मगर इनके कोर्स में कोई मानकीकरण नहीं है। वह चाहते हैं कि इसे हम व्यवस्थित कर सकें। उन्होंने इसीलिए लोक सभा में विधेयक पेश करते हुए अपने ज़वाब में कहा कि हमने यूनिवर्सिटी बनने से पहले ही कोऑपरेटिव क्षेत्र की जरूरत को ध्यान में रखकर कोर्स डिजाइन का काम शुरू कर दिया है। यूनिवर्सिटी में डिग्री, डिप्लोमा कोर्स भी होंगे और पीएचडी की डिग्री भी दी जाएगी। साथ ही सहकारिता के क्षेत्र में काम कर सभी मौजूदा कर्मचारियों के लिए अल्पावधि का सर्टिफिकेट कोर्स भी होगा।

सहकारिता क्षेत्र को समर्पित देश का पहला विश्वविद्यालय आजादी के 75 साल बाद बनेगा और सोचिए कि जब उससे हमारे देश की युवा आबादी प्रशिक्षित होगी तो सहकारिता को बढ़ावा देने वाले लोग, सहकारिता की सोच को आगे बढ़ाने वाले बौद्धिक वर्ग को हम तैयार करेंगे। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह चाहते हैं कि प्रतिवर्ष लाखों युवा लोग डिप्लोमा, डिग्री या सर्टिफिकेट लेकर सहकारी आंदोलन में सम्मिलित हों। शाह ने कहा भी कि वे 18 वर्ष की आयु से कोऑपरेटिव से जुड़े रहे हैं और इसकी खूबियों और कमियों का अनुभव किया है। मोदी जी एक समृद्ध भारत की नींव डाल रहे हैं और यह विधेयक इसमें मजबूत स्ट्रक्चर प्रदान करेगा। त्रिभुवन दास पटेल की सोच थी कि सहकारी क्षेत्र में मुनाफा हर गरीब महिला तक पहुंचे, इसलिए यह यूनिवर्सिटी उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव किया गया है। इस विश्वविद्यालय के बनने से निश्चय ही अमित शाह के अपने सहकारिता सोच व स्वप्न को साकार होते हुए भारत के लोग देखेंगे और उससे लाभान्वित होंगे। दुनिया में बहु-क्षेत्रीय स्वनिर्भर सहकारिता संगठन आगे आकर कार्य कर रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली शिक्षण व कौशल निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन विश्व भर में किया जा रहा है। जैसा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस विधेयक के माध्यम से सहकारी सिद्धांतों और सहकारी गतिविधियों का विस्तार होगा, कोऑपरेटिव क्षेत्र को नई प्रोद्योगिकी का फायदा होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। साथ ही अनुसंधान और नवाचार भी बढ़ेंगे और जमीनी स्तर पर कोऑपरेटिव क्षेत्र मजबूत भी होगा। त्रिभुवन दास जैसे महान व्यक्ति के नाम से जुड़े होने के कारण यह सहकारी यूनिवर्सिटी उच्च कोटि की यूनिवर्सिटी सिद्ध होगी। यह देश में बहुत अच्छे सहकारिता कर्मी देने का काम करेगी। यह उनका स्वाभाविक इच्छाशक्ति और अपनी आत्मशक्ति का प्रतिफल है। निःसंदेह अब त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से सहकारी क्षेत्र को संगठनों की कार्यक्षमता में सुधार, प्रशिक्षित मानव संसाधनों से पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। डिजिटल नवाचार के तहत सहकारी प्लेटफार्मों पर अनुसंधान, अंतरराष्ट्रीय मानकों पर सहकारी संस्थानों का निर्माण और नई फंडिंग योजनाओं के विकास के लिए वित्तीय रणनीतियों का सृजन होगा तो इससे देश ही विकास करेगा। अमित शाह ने अपने कम समय में जो प्रतिष्ठित अवदान विश्वविद्यालय के रूप में दिया है, उसका अभिनन्दन किया जाना चाहिए। यह सहकारिता के लिए नए नैरेटिव की स्थापना है। यह उनका भारत निर्माण की दिशा में किया जा रहा सद्प्रयास है। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 भले ही अभी शुरू हो रहा हो, लेकिन आने वाले 2047 तक यह विश्वविद्यालय लाखों युवा सहकारी पैरोकारों को तैयार कर चुका होगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

वर्ल्ड बाइपोलर डे

खुशी जिंदल



# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना जरूरी

हम अक्सर शारीरिक बीमारियों के बारे में खुलकर बात करते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करने से कतराते हैं। अगर कोई व्यक्ति डिप्रेशन या किसी अन्य मानसिक बीमारी से जूझ रहा हो, तो समाज उसे समझने की बजाय 'पागल' या 'अजीब' कहकर उसका आत्मविश्वास और भी गिरा देता है। यही कारण है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, जबकि ये उतनी ही वास्तविक और गंभीर होती हैं जितनी कोई शारीरिक बीमारी। आज के समय में, जहां तनाव और चिंता हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं, मानसिक बीमारियों का बढ़ना स्वाभाविक है।

आज के दिन यानि 30 मार्च को "वर्ल्ड बाइपोलर डे" मनाया जाता है ताकि बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी मानसिक समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और इस विषय पर खुलकर बात की जा सके। बाइपोलर डिसऑर्डर एक गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति के मूड में तीव्र और अनियमित बदलाव होते हैं। यह बदलाव हफ्तों या महीनों तक रह सकते हैं और व्यक्ति की रोज़मर्रा की ज़िंदगी, रिश्तों और कामकाज पर गहरा असर डाल सकते हैं। इस बीमारी में व्यक्ति के भावनात्मक अनुभव दो विपरीत दिशाओं में जा सकते हैं। एक समय पर वह अत्यधिक उत्साहित, ऊर्जावान और आत्मविश्वासी महसूस कर सकता है। इस दौरान व्यक्ति को कम सोने पर भी थकान महसूस नहीं होती और उसका दिमाग तेज़ी से विचारों से भरा रहता है। वह एक बात पूरी किए बिना दूसरी पर चला जाता है और अत्यधिक बातें करने लगता है। इस अवस्था में कई बार व्यक्ति बिना सोचे-समझे बड़े फैसले ले लेता है, जैसे बेवजह पैसे खर्च करना, तेज़ गाड़ी चलाना या जोखिम भरे काम करना। दूसरी अवस्था में व्यक्ति अत्यधिक उदास, अकेला और निराश महसूस करता है। उसे ऐसा लग सकता है कि उसकी ज़िंदगी में कुछ भी अच्छा नहीं है। पहले जिन चीज़ों में रुचि थी, उनमें अब कोई आनंद महसूस नहीं होता। व्यक्ति या तो बहुत ज़्यादा सोता है या बिल्कुल नहीं सो पाता। हर समय थकान और ऊर्जा की कमी बनी रहती है। नकारात्मक विचार हावी हो जाते हैं, यहां तक कि व्यक्ति आत्महत्या के बारे में भी सोच सकता है। अगर कोई व्यक्ति इनमें से कुछ लक्षण महसूस करता है या उसके आसपास कोई इनका अनुभव कर रहा है, तो उसे नजरअंदाज या तिरस्कार करने के बजाय एक अच्छे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, जैसे कि साइकोलॉजिस्ट या साइकियाट्रिस्ट से संपर्क करना चाहिए। बाइपोलर डिसऑर्डर का सही इलाज संभव है और समय पर उपचार से व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है।



सबसे ज़रूरी यह है कि इस बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को समाज से समर्थन और समझ मिले, न कि तिरस्कार। इसे नियंत्रित रखने के लिए कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए, नशे और शराब से बचें, क्योंकि ये लक्षणों को और बिगाड़ सकते हैं। समय पर डॉक्टर से सलाह लें। अपने परिवार और दोस्तों को अपनी स्थिति के बारे में बताएं ताकि वे सही समय पर सहायता कर सकें। नियमित दिनचर्या बनाए रखें, तनाव कम करें और पर्याप्त नींद लें। सबसे जरूरी बात, डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं को नियमित रूप से लें और बिना सलाह के बंद न करें। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, अच्छी नींद, संतुलित आहार और अपनों से बातचीत करना जरूरी है। ये आदतें न केवल तनाव को कम करती हैं, बल्कि गंभीर मानसिक बीमारियों, जैसे बाइपोलर डिसऑर्डर, से भी बचाने में मदद करती हैं। जब हम अपनी भावनाओं को समझते और नियंत्रित करते हैं, तो अचानक आने वाले मूड स्विंग्स, अत्यधिक उदासी या अतिउत्साह जैसी स्थितियों से बच सकते हैं। मानसिक बीमारियों को जितना जल्दी पहचाना जाए, उतना ही जल्दी सही इलाज संभव होता है। इस वर्ल्ड बाइपोलर डे पर हमें मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ानी चाहिए, क्योंकि यह भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है।

(लेखिका क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अहिंसा के प्रयोग



संकलित

दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो- अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए।

वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं।

# मूर्ख साधू और ठग



संकलित

प्रेरणा

किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षाः किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### न्यायपालिका में सुधार की आवश्यकता

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले पर रोक लगा दी है। इससे रेप के मामले चर्चा में आ गए हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब न्यायपालिका के किसी फैसले ने विवाद खड़ा किया हो। इससे पहले भी कई ऐसे निर्णय सामने आए हैं, जिन्होंने यौन हिंसा से जुड़े मामलों में न्याय व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए हैं। कई बार पीड़ितों को न्याय मिलने में सालों लग जाते हैं और कई मामलों में फैसले इतने कमजोर होते हैं कि अपराधियों को इसका लाभ मिल जाता है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायपालिका को यौन अपराधों के मामलों में अधिक जागरूक और संवेदनशील होने की जरूरत है। सिर्फ कानून की किताबों में लिखी धाराओं का पालन करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी देखना जरूरी है कि इनका समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

- प्रभात साहू, धमतरी

## ट्रेंड

### एकजुट होकर काम करेंगे



कर्नाटक के जिला कांग्रेस अध्यक्षों से मुलाकात की। वे पार्टी की विचारधारा की रक्षा और प्रचार में सबसे आगे हैं। हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे और लोगों के कल्याण और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### शासन-प्रशासन निष्क्रिय



प्रतापगढ़ में दलित समाज की युवती की मौत पर शासन-प्रशासन की निष्क्रियता और उदासीनता से भीड़ के आक्रोशित होने के लिए भाजपा सरकार स्वयं ज़िम्मेदार है। शासन-प्रशासन 'पीडीए समाज' में किसी की मौत होने पर भी चुप्पी साधकर बैठ जाता है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### सीमाओं को आगे बढ़ाएं



सफलता का मतलब नियमों का पालन करना नहीं है। इसका मतलब है उन्हें फिर से लिखना। अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाएँ, तेज़ी से आगे बढ़ें और हमेशा चादर से ज़्यादा पैर फैलाएं !

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### समय मन की रचना




जितना अधिक आप क्वांटम विज्ञान और रहस्यवाद का अध्ययन करते हैं, उतना ही आपको एहसास होता है कि कुछ भी शुरू नहीं हुआ और कुछ भी समाप्त नहीं हुआ। समय मानव मन की रचना है। इसलिए सबसे अच्छी कहानियाँ अंत का सुझाव देती हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को होगा चुनाव


ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को आम चुनाव के लिए मतदान होगा जिसमें बढ़ती महंगाई और आवास की कमी मुख्य चुनावी मुद्दे हो सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस की वामपंथी 'लेबर पार्टी' लगातार दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश कर रही हैं। अल्बानीज चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शुक्रवार को गवर्नर जनरल सैम मोस्टिन के आधिकारिक आवास पर गए और उन्होंने बाद में संसद भवन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव की तारीख की घोषणा की। अल्बानीज ने कहा, ''हमारी सरकार ने वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तरीका चुना है: भविष्य के लिए निर्माण करते हुए जीवनयापन की लागत के दबाव से जूझ रहे लोगों की मदद करने के तरीका।'' कई विश्लेषकों ने विपक्षी नेता पीटर डटन की 'लिबरल पार्टी' के नेतृत्व वाले रूढ़िवादी गठबंधन के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना जताई है। अल्बानीस के सत्ता में आने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में जीवनयापन की लागत में वृद्धि हुई है। पिछले चुनाव के बाद से ब्याज दरों में 12 बार बढ़ोतरी की गई है।



## ऑफ बीट

# स्टेम सेल से मानव भ्रूण बनाने पर शोध

कृत्रिम मानव भ्रूण – जिन्हें भ्रूण शरीर, भ्रूण जैसी संरचनाएं या भ्रूण मॉडल भी कहा जाता है – 'प्राकृतिक मानव भ्रूण' के विकास की नकल करते हैं, जो निषेचन द्वारा निर्मित होते हैं। सिंथेटिक मानव भ्रूण में 'कोशिकाएं शामिल होती हैं जो आम तौर पर भ्रूण, प्लेसेंटा और जर्दी थैली का निर्माण करती हैं, और रोगाणु कोशिकाओं के अग्रदूत बनने के लिए विकसित होती हैं (जो शुक्राणु और अंडे का निर्माण करेंगी)।' यद्यपि प्राकृतिक मानव भ्रूण से संबंधित अनुसंधान कई देशों में कानूनी है, फिर भी यह विवादास्पद बना हुआ है। कुछ लोगों के लिए, कृत्रिम मानव भ्रूण से जुड़ा शोध कम विवादास्पद है क्योंकि ये भ्रूण 'प्रसवोत्तर चरण के मनुष्यों के बराबर विकसित नहीं हो सकते हैं।' दूसरे शब्दों में, ये भ्रूण अव्यवहार्य हैं और इनसे आगे जाकर किसी का जन्म नहीं हो सकता। इसके अलावा, कुछ का मानना है कि सिंथेटिक मानव भ्रूण का निर्माण 14–दिन की सीमा से परे अनुसंधान की अनुमति देगा जो आमतौर पर प्राकृतिक मानव भ्रूण पर लागू होता है। लेकिन क्या ऐसा होगा? यू.के. कानून मानव भ्रूण के अनुसंधान उपयोग को विकास के 14 दिनों तक सीमित करता है।



अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# केंद्र सरकार की असलियत आई सामने, 34.82 प्रतिशत ग्रामीण विकास बजट खर्च ही नहीं

## सांसद सैलजा ने कहा, भाजपा केवल प्रचार करती है, काम नहीं, गांवों का विकास केवल भाषणों तक सीमित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा सरकार कहती है कुछ, करती है कुछ और ढिंढोरा ज्यादा पीटती है। उन्होंने कहा कि संसद की समिति की रिपोर्ट साफ करती है कि 34.82 प्रतिशत ग्रामीण विकास बजट खर्च ही नहीं हुआ। मनरेगा, पीएमजीएसवाई जैसी ज़रूरी योजनाएं भी लापरवाही की भेंट चढ़ गईं। भाजपा केवल प्रचार करती है, काम नहीं। गरीबों और गांवों के विकास की बातें बस भाषणों तक सीमित हैं। जनता का भला तभी होगा जब योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचेगा, सिर्फ झूठे वादों से पेट नहीं भरता।



कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को मीडिया को जारी बयान में कहा है कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ग्रामीण विकास की केंद्रीय वित्त पोषित योजनाओं के लिए वर्ष 2024-25 में बजट का जो संशोधित अनुमान रखा गया था, उसमें से 34.82 प्रतिशत पैसा खर्च ही नहीं हो सका है। भाजपा सरकार की कोई भी योजना धरातल पर योजनाएं अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही हैं।

रिपोर्ट में बताया है कि ग्रामीण विकास की केंद्रीय वित्त पोषित योजनाओं के लिए वर्ष 2024-25 में बजट का जो संशोधित अनुमान रखा गया था, उसमें से 34.82 प्रतिशत पैसा खर्च ही नहीं हो सका है। संसदीय समिति ने पाया है कि 2024-25 के संशोधित बजट में आवंटित 1,73,804.01 करोड़ रुपए के मुकाबले वास्तविक व्यय केवल 1,13,284.55 करोड़ रुपए रहा, जो संशोधित अनुमान चरण में आवंटित राशि से 34.82 प्रतिशत कम है। वित्तीय समीक्षा के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का 15,825.35 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना का 3,545.77 करोड़ रुपए , नेशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम का 1,813.34 करोड़ रुपए, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का 2,583.16 करोड़ रुपए , मनरेगा का 1,627.65 करोड़ और दीनदयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल्य योजना का 1,313.43 करोड़ रुपया वर्ष 2024-25 में खर्च नहीं हो सका।

### सिरसा में सिंचाई-पेयजल संकट को लेकर सांसद ने सीएम को पत्र लिखा

सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र में सिरसा जिला के 20 गांवों में पानी संकट गंभीर बना हुआ है, जहां पर सिंचाई पानी का कोई प्रबंध नहीं है तो दूसरी ओर पीने के पानी के लिए भी लोग परेशान है। पिछले सात सालों से लोग धिंगतानियां चैनल की मांग कर रहे है पर उन्हें आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला है। यह माइनर गांव मंगाला से जमाल जा रही है, लेकिन इसके आसपास के 20 गांवों को वंचित रखा है। यहां सिंचाई पानी की कोई सुविधा नहीं है। इन गांवों का जमीनी पानी या ट्यूबवैल का पानी भी 500 फीट नीचे जा चुका है। सैलजा ने सीएम से अनुरोध किया है कि इन 20 गांवों की सिंचाई पानी और पीने के पानी की समस्या पर प्रभावी कदम उठाते हुए फसलों की सिंचाई और लोगों के पीने के लिए पानी की समुचित प्रबंध किया जाए और लोगों की करीब एक दशक से चली आ रही मांग को पूरा किया जाए।

## राज्यसभा में प्रश्नकाल और केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह के जवाब

# किसानों की रजिस्ट्री में मुश्किलें अब बीते दिनों की बात, 'अन्नदाता' की आमदनी बढ़ाने में जुटी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा के प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान भूमि रजिस्ट्री से संबंधित परेशानियों और इसके समाधान पर विस्तार से बात की। उनके जवाब का मुख्य फोकस किसान रजिस्ट्री को और प्रभावी बनाने तथा इससे जुड़ी समस्याओं को दूर करने पर था।

शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि किसान रजिस्ट्री को राज्य के राजस्व विभाग के रिकॉर्ड से जोड़ा गया है, ताकि भूमि के मालिकाना हक में बदलाव (जैसे खरीद-बिक्री) की जानकारी तुरंत अपडेट हो सके। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि अगर कोई किसान अपनी जमीन बेचता है, तो रजिस्ट्री में यह तत्काल दर्ज हो जाएगा कि अब यह जमीन पुराने मालिक (उदाहरण के लिए, शिवराज) के नाम पर नहीं, बल्कि नए मालिक (जैसे, गिरिराज) के नाम पर है। इससे भूमि स्वामित्व को लेकर होने वाली अस्पष्टता और विवादों में कमी आएगी।

### किसानों की आय बढ़ाने की रणनीति का बताया फार्मूला



किसानों की आय बढ़ाने की रणनीति का फार्मूला बताते हुए उन्होंने राज्यसभा में कहा, प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाना। उत्पादन लागत को कम करना। सूक्ष्म सिंचाई (माइक्रो इरिगेशन) और कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देना। नई तकनीकों और कृषि पद्धतियों को अपनाना। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के माध्यम से बेहतर बीज और अनुसंधान को प्रोत्साहन। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना। येसब ऐसे कदम हैं जिनसे किसानों की आमदनी में जमीन आसमान का अंतर आया है।

### रजिस्ट्री ऐसे हुई आसान

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पहले भूमि रजिस्ट्री में अपडेट होने में देरी और कागजी प्रक्रियाओं की जटिलता के कारण किसानों को परेशानी होती थी। कई बार गलत जानकारी या बिचौलियों के हस्तक्षेप से सही लाभार्थी तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुँच पाता था। अब डिजिटल रजिस्ट्री और राजस्व रिकॉर्ड के साथ इसके एकीकरण से पारदर्शिता बढ़ी है और किसानों को उनकी जमीन की वास्तविक स्थिति की सटीक जानकारी मिल रही है।इसके अलावा, चौहान ने कहा कि यह कदम डिजिटल इंडिया पहल का हिस्सा है, जिसके तहत किसानों की डिजिटल पहचान बनाई जा रही है। इससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और अन्य सब्सिडी योजनाओं का लाभ सीधे सही किसानों तक पहुँच रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि किसानों को अपनी जमीन से जुड़ी किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी मेहनत का पूरा फल उन्हें मिले।

### डिजिटल फसल सर्वेक्षण से क्रांति

एक दूसरे सवाल के जवाब में केंद्रीय कृषिमंत्री ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, यह पहल किसानों को उनकी फसलों का सटीक डेटा प्रदान करने और सरकारी योजनाओं के लाभ को सही तरीके से वितरित करने में मदद करती है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि किसान ने कौन सी फसल बोई है, जिससे सब्सिडी, बीमा, और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी सुविधाएं सही लाभार्थियों तक पहुंचती हैं। यह कदम डिजिटल इंडिया के तहत कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता लाने का हिस्सा है।

### पीएम फसल बीमा योजना वरदान

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर उन्होंने कहा, इस मद में 66 हजार करोड़ से बढ़ाकर 69 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह योजना प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच प्रदान करती है। मोदी सरकार ने 2014-2024 तक 20 लाख करोड रुपये की एमएसपी खर्च कर किसानों की फसल खरीदी।

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने दूसरे राष्ट्रीय जीन बैंक की स्थापना की

**नई दिल्ली**(हरिभूमि ब्यूरो) केंद्र सरकार ने भविष्य की खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए 10 लाख फसल जीन बैंक के संरक्षण हेतु दूसरे राष्ट्रीय जीन बैंक की स्थापना की घोषणा की है। यह घोषणा संघीय बजट 2025-26 के 'नवाचारों में निवेश' विषय के अंतर्गत की गई पहलों में से एक है। यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

आईसीएआर-नेशनल ब्यूरो ऑफ प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज (एनबीपीजीआर), नई दिल्ली में स्थित नेशनल जीन बैंक (एनजीबी) विश्व में दूसरा सबसे बड़ा जीन बैंक है, जिसमें 2157 प्रजातियों के 4,71,561 अभिगम हैं। एनजीबी में संरक्षित पादप आनुवंशिक संसाधन देश में फसल सुधार और आनुवंशिक संसाधनों के प्रबंधन में शामिल सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की एजेंसियों द्वारा उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। 10 लाख जीवाणु संसाधनों को संरक्षित करने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक अवसंरचना के साथ दूसरे जीन बैंक की स्थापना का उद्देश्य भारत की वैश्विक जैव विविधता संरक्षण में एक अग्रणी के रूप में स्थिति को मजबूत करना है।

मप्र-छग की सड़क परियोजनाएं भी शामिल

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 4011 करोड़ राज्यों को जारी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि पिछले एक माह के दौरान 4 हजार 11 करोड़ रुपए का केंद्र का अंश राज्यों को प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास योजना के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत जारी किया गया है।

इस दौरान 2612 किलोमीटर लंबाई की 231 सड़कों और 96 पुलों के निर्माण की स्वीकृति भी अलग-अलग राज्यों में दी गई है। पुडुचेरी में 108 किलोमीटर लंबाई की 41 सड़कों को स्वीकृति दी गई है। पीएम-जनमन योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश को 508 करोड़ 29 लाख रुपए की 738.99 किलोमीटर की 377 सड़कों की स्वीकृति दी गई है। इसी दौरान त्रिपुरा को 76 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से लगभग 84 किलोमीटर लंबाई की 25 सड़कों को स्वीकृति दी गई है। बिहार को 5 सड़कें और 103 पुल दिए गए हैं। अरुणाचल प्रदेश में भी एक सड़क और एक पुल स्वीकृत किया गया है।

मणिपुर को 41 सड़कें दी गई हैं। मध्य प्रदेश को 6 पुल स्वीकृत किए गए हैं और आन्ध्र प्रदेश को 338 करोड़, अरूणाचल प्रदेश को 200 करोड़ रुपए, बिहार को 157 करोड़ रुपए, छतीसगढ़ को 185 करोड़ रुपए, हिमाचल प्रदेश 309 करोड़ रुपए, जम्मू - कश्मीर को 342 करोड़, झारखंड को 445 करोड़, लद्दाख को 37 करोड़, मध्य प्रदेश को 165 करोड़, महाराष्ट्र को 391 करोड़ और तमिलनाडु को 378 करोड़ रुपए की राशि का केंद्र अंशदान दिया गया है। शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए पर्याप्त सहायता दी जा रही है ताकि गांव भी बारहमासी सड़कों से जुड़ सकें।


राज्यसभा में भारत के वीर योद्धा पर टिप्पणी गूंजी

# लोकसभा में उठा सांगा के अपमान का मुद्दा, स्थगित हुई कार्यवाही

## शोर शराबा बढ़ने पर पीठासीन सभापति पाल ने की कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के उच्च सदन राज्यसभा में भारत के वीर योद्धा और महान शासक राणा सांगा पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के मामले की गूंज शुक्रवार को लोकसभा में सुनाई दी। शून्यकाल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखा वाद-विवाद हुआ। शोर शराबा बढ़ने पर पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कार्यवाही को 1 बजकर 2 मिनट से लेकर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सदन में इस विषय को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जयपुर ग्रामीण से सांसद राव राजेंद्र सिंह ने उठाया और कहा कि राजस्थान के वीर योद्धा को लेकर राज्यसभा में जिस तरह के शब्दों का



प्रयोग किया गया है। मैं उसकी घोर निंदा करता हूं। उन्होंने विपक्ष से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या वो राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद के बयान का समर्थन करते हैं? इस पर समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव कुछ बोलने के लिए खड़े हुए। लेकिन उन्होंने राणा सांगा की जगह पर 17वीं लोकसभा में सदन में एक मुस्लिम सदस्य के अपमान का मुद्दा उठाया। जिस पर पीठासीन सभापति ने उन्हें टोकते हुए कहा कि वर्तमान की बात कीजिए। पुराने मुद्दे को आज उठाने का कोई औचित्य नहीं है। इस दौरान लोकसभा में हंगामा चलता रहा। जिसकी वजह से सपा सांसद की बात रिकार्ड में दर्ज नहीं हो सकी और पीठासीन सभापति ने कार्रवाई को एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया। गौरतलब है कि यह पूरा मामला हाल ही में राज्यसभा में सपा सदस्य रामजी लाल सुमन द्वारा एक चर्चा में भाग लेते हुए की गई टिप्पणी से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने राणा सांगा को गद्दार बताते हुए कहा था कि उन्होंने बाबर को परास्त करने के लिए इब्राहिम लोधी को आमंत्रित किया था।

### राणा सांगा का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान

भाजपा के वरिष्ठ सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राणा सांगा भारत की विरासत हैं। उनका त्याग और बलिदान देशवासियों को गौरवान्वित करता है। वह हमारे प्रेरणास्रोत हैं। लेकिन उनके बारे में हल्की बातें की गई हैं, जिसकी हम निंदा करते हैं। उन्होंने कहा, देश के महान प्रतीकों में से एक चाहे वो शिवाजी हों या राणा सांगा, उनका अपना नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

## विवादित टिप्पणी में कामरा को मिली अंतरिम जमानत

**चेन्नई**। मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को महाराष्ट्र के राजनेता के बारे में कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दर्ज कई एफआईआर के संबंध में अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने शर्तों के साथ 7 अप्रैल तक अंतरिम अग्रिम जमानत का आदेश दिया। कामरा ने ट्रांजिट अग्रिम जमानत के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें दावा किया गया कि उनके हालिया व्यंग्यात्मक टिप्पणियों के बाद उन्हें कई धमकियां मिल रही हैं। इससे पहले कामरा ने मुख्यधारा के मीडिया की आलोचना की।



समिति का राज्य गीत पर रखा प्रस्ताव पारित

# अब हरियाणा को मिला अपना राज्य गीत विधानसभा सदन में ध्वनि मत से स्वीकारा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन हरियाणा को अपना राज्य गीत मिल गया। सदन में राज्य गीत के चयन पर गठित समिति द्वारा राज्य गीत पर रखा गया प्रस्ताव ध्वनि मत से सर्वसम्मति से पारित हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस गीत को मूर्तरूप देने वाले सभी गणमान्यों का आभार व्यक्त किया और इसे 2 करोड़ 80 लाख लोगों की भावनाओं में जोश भरने वाला गीत बताया।

सैनी ने सुझाव देते हुए कहा कि जिस प्रकार हमारे राष्ट्रगान के लिए नियम एवं मानदंड निर्धारित हैं, उसी प्रकार हमारे इस राज्य गीत के लिए भी कुछ नियम व मानदंड निर्धारित होने चाहिए। उन्होंने बताया कि इस राज्य गीत का प्रस्ताव सर्वप्रथम तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल लेकर आए थे। उन्होंने प्रदेश के राज्य गीत होने का प्रस्ताव सदन में रखा, जिसे सदन के सभी सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि कमेटी द्वारा यह गीत इस सदन में पहले भी सुनाया गया, जिस पर सदस्यों ने अपने सुझाव दिए और आज उन सुझावों को शामिल कर पुनः कमेटी द्वारा इसे सदन में



प्रस्तुत किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरि की भूमि हरियाणा वर्ष 1966 में एक अलग राज्य बना। लेकिन लगभग 6 दशक बीत जाने पर भी हमारा कोई राज्य गीत नहीं है। राज्यगीत किसी भी प्रदेश के गौरव को प्रकट करता है। इसलिए हमने हरियाणा प्रदेश का भी राज्य गीत बनाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने कहा कि इस गीत को बनाने, गाने, इसके लिए संगीत तैयार करने और अन्य कार्यों में जिन महानुभावों ने योगदान किया है, उनका विशेष आभार प्रकट करते हैं।

# कांग्रेस ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक में लिया महासचिव भूपेश ने भाग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी की अहमदाबाद में 8 और 9 अप्रैल को होने वाले कांग्रेस अधिवेशन की रणनीति और प्रस्तावों पर चर्चा के लिए ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक रणदीप सिंह सुरजेवाला का संयोजन में हुई। बैठक में प्रमुख मुद्दों जैसे बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, और आर्थिक विषमता पर विचार-मंथन हुआ। ड्राफ्टिंग कमिटी के संयोजक रणदीप ने बताया कि इन विषयों को अधिवेशन में उठाया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और देश के हर वर्ग की बराबर हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए काम करने की बात कही। कांग्रेस पार्टी के लिए



भविष्य का सियासी रोड मैप ड्राफ्ट के मंथन से निकेलगा। बैठक में रणदीप सुरजेवाला के साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एआईसीसी महासचिव भूपेश बघेल, राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक, संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश, रजनी पाटिल, पीएल पूनिया, और मनीष तिवारी जैसे वरिष्ठ नेता मौजूद थे। यह कमेटी अधिवेशन के लिए प्रस्तावों का मसौदा तैयार करेगी, जो पार्टी की नीतियों और भविष्य की रणनीति को मजबूत करने पर केंद्रित होगा।

बृजमोहन के सवाल पर केंद्रीय मंत्री का टका सा जवाब

# छत्तीसगढ़ में फिलहाल कोई नई एपीआई विनिर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव नहीं: अनुप्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रायपुर सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के किसानों के हितों का मामला लोकसभा में उठाया। शुक्रवार को बृजमोहन अग्रवाल ने संसद में छत्तीसगढ़ में किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर सरकार से प्रश्न किया।

उन्होंने केंद्र सरकार से जानना चाहा कि क्या किसानों को सस्ती दरों पर समय पर उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष योजना लागू की जा रही है, विशेष रूप से दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों में। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या सरकार आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ में नई सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) विनिर्माण इकाई स्थापित करने की योजना बना रही है।

इस पर रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक जैसे यूरिया, डाई अमोनियम फास्फेट (डीएपी), म्युरेट ऑफ़ पोटाश (एम ओ पी) और नाइट्रोजन फास्फोरस और पोटेशियम (एनपीके) प्रयाप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जा रहे हैं और समय पर वितरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार हर फसल सीजन में आवश्यक कदम उठा रही है।

### उर्वरकों की निरंतर निगरानी कर रहे

मंत्री पटेल ने स्पष्ट किया कि सरकार का छत्तीसगढ़ में फिलहाल कोई नई एपीआई विनिर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव नहीं है। हालांकि, उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रभावी रणनीतियों पर काम कर रही है जिसके तहत राज्यवार और महीनावार उर्वरक आवश्यकता का आकलन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श से किया जाता है।

मासिक आपूर्ति योजना जारी करके उर्वरकों की निरंतर निगरानी की जाती है। एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली (आईएफएमएस) के माध्यम से सब्सिडी वाले उर्वरकों की देशभर में आवाजाही की निगरानी की जाती है। राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ साप्ताहिक वीडियो कांफ्रेंस आयोजित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

### किसानों को समय पर उर्वरक मिल रहा

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति के तहत दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों के किसानों को भी पर्याप्त मात्रा में उर्वरक मिल रहा है, जिससे उन्हें खेती में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को सस्ते दामों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए और अधिक ठोस योजनाएं लाई जाएं ताकि राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

### उद्योगों की वृद्धि दर घटकर पांच माह के निचले स्तर पर

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर 2.9 फीसदी पर आई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रही थी।

मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में दर्ज 5.1 प्रतिशत की वृद्धि से कम रही। इससे पहले सितंबर में 2.4 प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई थी। फरवरी में कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस उत्पादन की वृद्धि में गिरावट आई।



## बिजली की उत्पादन वृद्धि 2.8 फीसदी रही

कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 1.7 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत, 5.6 प्रतिशत और 2.8 प्रतिशत रही। फरवरी 2024 में यह 11.6 प्रतिशत, 2.6 प्रतिशत, 9.4 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में उर्वरक तथा सीमेंट उत्पादन में क्रमशः 10.2 प्रतिशत और 10.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## आईआईपी में 40.27 फीसदी का योगदान

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में यह 7.8 प्रतिशत थी। आठ प्रमुख क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं। आईआईपी समग्र औद्योगिक विकास को मापता है।

## राजकोषीय घाटा फरवरी अंत तक निर्धारित लक्ष्य पर

केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी, 2025 के अंत तक समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 85.8 प्रतिशत हो गया। शुक्रवार को महालेखा नियंत्रक (सीजीए) ने यह आंकड़े जारी किए। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2024 से लेकर फरवरी 2025 के बीच केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वास्तविक संदर्भ में 13,46,852 करोड़ रुपये रहा।

- पिछले साल इसी माह में वृद्धि दर 7.1 फीसदी रही
- फरवरी में कच्चा तेल व गैस के उत्पादन में रही गिरावट
- कोयला वृद्धि दर 1.7 प्रतिशत पर दर्ज की गई

*संशोधित अनुमान आरई का 86.5 प्रतिशत : सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहा जाता है। एक साल पहले की समान अवधि में यह घाटा वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान (आरई) का 86.5 प्रतिशत था। सीजीए के आंकड़ों से पता चला है कि केंद्र सरकार का कर राजस्व (शुद्ध) 20 लाख करोड़ रुपये यानी वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान का 78.8 प्रतिशत था।*

## राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रहने का अनुमान

मौजूदा कीमतों के आधार पर मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि में कुल राजस्व व्यय में से 9.52 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 3.63 लाख करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडी मद में हुए थे। सीजीए ने कहा कि फरवरी, 2025 तक सरकार ने करों के हिस्से के रूप में राज्य सरकारों को 11.80 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.47 लाख करोड़ रुपये अधिक है।


## घाटा जीडीपी का 4.8 प्रतिशत संभव

पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 79.6 प्रतिशत था। केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल व्यय 38.93 लाख करोड़ रुपये यानी संशोधित अनुमान का 82.5 प्रतिशत था। एक साल पहले की अवधि में यह 83.4 प्रतिशत था। केंद्रीय बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत और 2025-26 के लिए 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

# कमजोर वैश्विक संकेतों से स्थानीय शेयर बाजार गिरा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय आयात पर अमेरिका में दो अप्रैल से जवाबी सीमा शुल्क लगाने से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच वित्त वर्ष 2024-25 के अंतिम कारोबारी दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय बाजारों में गिरावट हावी रही। निफ्टी करीब 73 अंक फिसला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में 191.51 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,414.92 पर बंद हुआ। निफ्टी 72.60 अंक गिरकर 23,519.35 पर आ गया। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 का आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे इस वित्त वर्ष में सेंसेक्स कुल 3,763.57 अंक यानी 5.10 प्रतिशत उछला जबकि निफ्टी 1,192.45 अंक यानी 5.34 प्रतिशत चढ़ा। शेयर बाजार ईद-उल-फितर के मौके पर सोमवार को बंद रहेंगे।



- वित्त वर्ष में सेंसेक्स पांच प्रतिशत चढ़ा
- निफ्टी करीब 73 अंक फिसला

### इन शेयरों में रही गिरावट

*सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इंडसइंड बैंक के शेयरों में 3.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर दो प्रतिशत से अधिक गिर गया। इसके अलावा एचसीएल टेक, मारुति, इन्फोसिस, जोमैटो, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी नुकसान में रहे।*

### इन शेयरों में रही तेजी

*दूसरी तरफ कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, नेस्ले और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी का रुख देखने को मिला।*

## सोना 92,000 के पार, चांदी 1,300 रुपये तेज

**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं में आई तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,100 रुपये के उछाल के साथ 92,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वित्त वर्ष 2024-25 में सोने की कीमतों में पिछले साल एक अप्रैल को 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 23,730 रुपये यानी 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लगातार तीसरे सत्र में तेजी जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये उछलकर 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार बंद में यह 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में 1,300 रुपये की तेजी आई और यह बृहस्पतिवार के बंद स्तर 1,01,700 रुपये प्रति किलोग्राम के मुकाबले 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गई।

## भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी धारकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष उपाय

**नई दिल्ली।** पॉलिसीधानकों को किसी भी कठिनाई से बचने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय और मंडल कार्यालयों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कार्यालय दिनांक 29.03.2025, 30.03.2025 और 31.03.2025 को आधिकारिक कार्य समय के अनुसार सामान्य परिचालन के लिए खुले रखे जाएंगे। यह भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा दिनांक 12.03.2025 को जारी एडवाइजरी के अनुसार है।



## गीतम विवि की प्रवेश परीक्षा 2025 कई राज्यों में प्रारंभ

**विशाखापत्तनम।** गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने परिसरों में विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को अपना प्रवेश परीक्षा (गेट) 2025 शुरू किया। विश्वविद्यालय देश के 12 राज्यों में फैले 42 केंद्रों पर गेट -2025 आयोजित कर रहा है। गीतम के कुलपति प्रो. वाई. गौतम राव ने विशाखापत्तनम केंद्र में ऑनलाइन प्रश्न पत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं के सहयोग से अपने पाठ्यक्रम को लगातार अद्यतन करने, प्रयोगशालाओं को उन्नत करने और नए कार्यक्रम शुरू करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गीतम एक मजबूत शोध संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है और छात्रों के बीच उद्यमशीलता को प्रोत्साहित कर रहा है। विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति को सक्रिय रप से लागू कर रहा है और छात्रों के समग्र विकास का समर्थन करने के लिए च्वाइस-बेस्ड क्रेडिट सिस्टम को सफलतापूर्वक अपनाया है। गीतम के एडमिशन डायरेक्टर एम. जगदीश ने गेट-2025 को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स पर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, लॉ, ह्यूमैनिटीज, बिजनेस मैनेजमेंट, नर्सिंग, पैरामेडिकल और साइंस प्रोग्राम समेत कई तरह के प्रोग्राम ऑफर करती है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. म. वि. इंजी./ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैः

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा संख्या :** 232-Elect-EMU-WC-12-24-25 |
| 2 | **कार्य का विवरण एवं स्थान :** 03 वर्ष की अवधि के लिए ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में विभिन्न गतिविधियों सहित एमईएमयू कोचों में शौचालय प्रणाली की मरम्मत और रखरखाव। |
| 3 | **निविदा दस्तावेज की कीमत :** NIL |
| 4 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 30,60,468.00 inclusive of GST |
| 5 | **धरोहर राशि :** रु. 61,200.00 (online payment mode available on IREPS website) |
| 6 | **कार्य पूरा करने की अवधि :** 36 Months |
| 7 | **ऑफर की अवधि :** 60 days |
| 8 | **निविदा विज्ञापन की तिथि (on IREPS website) :** 27.03.2025, 17:06 Hrs. |
| 9 | **निविदा जमा करने की तिथि (on IREPS website) :** 05.04.2025 to 19.04.2025, 12:00 Hrs. |
| 10 | **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** 19.04.2025, 12:00 Hrs. |
| 11 | **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) :** 19.04.2025, 12:30 Hrs. |
| 12 | **निविदा छपाई की लागत (allocation) :** 06041132 |

**Note 1:** All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void".
**Note 2:** Duplicate documents should not be enclosed/up loaded.
निविदा सूचना website **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
**सं.: 232-Elect-EMU-WC-12-24-25 दिनांक: 27.03.2025** **969/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शेख अनवर उर्फ अक्का उर्फ अन्नू, पुत्र :** शेख समहुल, **पताः** झुग्गी नं. 38/246, सीडी पार्क, जहाँगीरपुरी, सीडी कैम्प, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 266/2018 U/s 411 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शेख अनवर उर्फ अक्का उर्फ अन्नू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शेख अनवर उर्फ अक्का उर्फ अन्नू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 266/2018 U/s 411 IPC, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शेख अनवर उर्फ अक्का उर्फ अन्नू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रितिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3825/OD/2025
(Court Matter)


# चालू खाते का घाटा तीसरी तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर परः आरबीआई

भाषा ▸▸| मुंबई



देश का चालू खाता घाटा मौजूदा वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 11.5 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू खाते के घाटे (कैड) में वृद्धि का मुख्य कारण व्यापार घाटे का अधिक होना है। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 10.4 अरब डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद का 1.1 प्रतिशत) था। हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 की दिसंबर तिमाही में चालू खाता घाटा जुलाई-सितंबर 2024 के 16.7 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.8 प्रतिशत) से कम रहा था। भुगतान संतुलन के बारे में आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत का चालू खाता घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही में 11.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) हो गया, जो 2023-24 की तीसरी तिमाही में 10.4 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था। हालांकि यह 2024-25 की दूसरी तिमाही के 16.7 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.8 प्रतिशत) से कम हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वस्तु व्यापार का घाटा बढ़कर 79.2 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 71.6 अरब डॉलर था। आरबीआई ने कहा कि अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान चालू खाते का घाटा बढ़कर 37.0 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 30.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था। इसमें बढ़ोतरी का मुख्य कारण व्यापार घाटे का बढ़ना है।

# एलन कोटा में जेईई व नीट के बैच 2 अप्रैल से



**कोटा।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा में आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए 2 अप्रैल से बैच शुरू हो रहे हैं। बैच की तिथियों की घोषणा होने के साथ ही बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आने लगे हैं। इसी उत्साह को देखते हुए स्टूडेंट्स की सुविधा और प्रोत्साहन के लिए एलन करियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में 2 अप्रैल तक एडमिशन का महा अवसर शुरू किया गया है। इसके तहत स्टूडेंट्स एलन कोटा में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। इस स्कॉलरशिप का लाभ एलन स्कॉलरशिप-एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) में शामिल होकर प्राप्त किया जा सकता है। महा अवसर पर के तहत एलन कोटा सेंटर पर 2 अप्रैल तक रोजाना 1 से 3 बजे तक ए-सेट आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स कोटा आ रहे हैं। इसके साथ ही नेशनल लेवल पर भी ए-सेट की तिथियां जारी कर दी गई है। 30 मार्च और 6 और 13 अप्रैल को देशभर में एलन के केन्द्रों पर नेशनल एसेट का आयोजन किया जा रहा है, एलन में प्रवेश के इच्छुक स्टूडेंट्स इसमें शामिल हो सकते हैं। ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है। यह पेपर साइंटिफिक, एकेडमिक व साइकोलॉजिकल असेसमेंट के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें बेस सब्जेक्ट व आईक्यू के प्रश्न होते हैं।

## ओकरिज विशाखापत्तनम की छात्राएमआईटी ग्लोबल स्टीम वीक 2025 के लिए चयनित



**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम की कक्षा 8 की छात्रा महालक्ष्मी और शैली ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में 2025 ग्लोबल स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) सप्ताह में भाग लेने का प्रतिष्ठित अवसर अर्जित किया है। दोनों छात्राएं इस नवंबर में एमआईटी में दुनिया भर के नॉर्ड एंग्लिया स्कूलों के 62 अन्य छात्रों के साथ चार सदस्यीय समूह के हिस्से के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयन प्रक्रिया में छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए अभिनव समाधान तैयार करने, अपनी रचनात्मकता, समस्या सुलझाने के कौशल और वैज्ञानिक योग्यता का प्रदर्शन करने की चुनौती दी गई थी। कार्यक्रम के दौरान, वे रोबोट बनाने से लेकर बायो इंजीनियरिंग, कोडिंग तक की गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों से निपटने वाली परियोजनाओं पर सहयोग करेंगे। 'उनकी यह उपलब्धि उनके समर्पण और नवाचार की भावना को दर्शाती है जिसे हम ओकरिज में प्रोत्साहित करते हैं। हम उन्हें वैश्विक मंच पर चमकते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं।' एमआईटी-नॉर्ड एंग्लिया स्टीम कार्यक्रम छात्रों को एमआईटी में एक छात्र के रूप में जीवन का अनुभव करने का एक विशेष अवसर प्रदान करता है। उन्हें एमआईटी संकाय के साथ सीधे जुड़ने, एमआईटी की उन्नत प्रयोगशालाओं में इमर्सिव का पता लगाने, व्यवहारिक कार्यशालाओं में भाग लेने और हार्वर्ड विश्वविद्यालय का दौरा करने का मौका मिलेगा।

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## बीएचईएल को छत्तीसगढ़ के कोरबा पश्चिम में 2x660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए एक बड़ा ऑर्डर प्राप्त हुआ

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित हसदेव थर्मल पावर स्टेशन (एचटीपीएस), कोरबा पश्चिम में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) आधार पर 2x660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) से, घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली के तहत, एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त किया है। बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में सुपरक्रिटिकल बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर जैसे प्रमुख उपकरणों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण और आपूर्ति के साथ-साथ थर्मल पावर स्टेशन का संपूर्ण निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। कंपनी के कार्यक्षेत्र में **SOx** उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए बीएचईएल-निर्मित अत्याधुनिक फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) उपकरणों की आपूर्ति भी शामिल है। भारत के अग्रणी विद्युत उपकरण निर्माता के रूप में, देश भर में 1,72,000 मेगावाट से अधिक यूटिलिटी विद्युत क्षमता स्थापित करने के साथ, बीएचईएल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और पावर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के विजन को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



**व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध**

**ई-निविदा सूचना सं. DBWS-NIET-19-2024-25, दिनांकः 26-03-2025।** निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः** डीबीडब्ल्यूएस में 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए एलएचबी कोचों के कॉइल स्प्रिंग स्क्रैगिंग और लोड डिफलेक्शन टेस्टिंग मशीन का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध, मेक मेसर्स एस्को रेल, पोलैंड। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹23,60,000/– जीएसटी @18% सहित; **धरोहर राशिः** ₹47,200/–। **ई-निविदाएं** 17–04–2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 17–04–2025 को 15:30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई–निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 17–04–2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

चीफ वर्कशॉप मैनेजर/
मेकेनिकल वर्कशॉप/ डिब्रूगढ़

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | जिला खाद्य लैबोरेट्री करनाल के अपग्रेडेशन हेतु आवश्यक विभिन्न उपकरणों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.03.2025 18.04.2025 | 22.54 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/33432/I/88/7 दि. 28.03.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | एडीजीपी, सीएडी हरियाणा की ओर से ड्रोन एप्लीकेशन प्रशिक्षण केन्द्र टेक्नीकल विंग, सीआईडी (मधुबन) हेतु 2 अदद प्रशिक्षण ड्रोन की खरीद। | 29.03.2025 15.04.2025 | 8 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 [illegible] |
| 2 | हारट्रोन | महानिदेशक पुलिस, हरियाणा की ओर से 374 अदद बहुउद्देश्यीय प्रिंटर कम फोटोकॉपियर की खरीद। | 29.03.2025 21.04.2025 | 3.74 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/33416/I/88/7 दि. 28.03.25


## शब्द पहेली - 5819




**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य–5
4.प्रलय, वज्रपात–4
7.परिमाण, माप–2
8.प्लेट,तश्तरी–3
9.भीगा हुआ–2
10.वेश्या, गणिका–4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ–2
13.अपवित्र (उर्दू–3)
14.दान करने वाला–2
15.आंचल–3
17.पंख–2
19.चाहे जो भी हो –5
22.अनूठापन,विचित्रता–5
25.उम्मीद,आस–2
26.अनाशवान,अक्षय–3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म–2
29.बंदर, मर्कट–3
30.सम्मान, आदर–2
32.करामात,करिश्मा–4
34.नवीन,नव–2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म–3
37.शारीरिक ऊंचाई–2
38.भाग्य,लक–4
39.रावण,दशानन–5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या–2
2.कॉफी–3
3.तरफदारी करनेवाला–5
4.जन जाति, झुंड–3
5.वोट–2
6.बढ़ई,खाती–4
7.जो मुनासिब न हो–5
10.भाग्य (उर्दू–4)
12.प्रतिज्ञा,वचन–2
16.राजा,राजन–3
17.क्षण–2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम–2
20.रनिवास (उर्दू–3)
21.नुकसान,घाटा–2
22.रजनी, रात्रि–2
23.अनुपम,बेजोड़–4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो–5
25.आतंक फैलानेवाला–5
26.धरोहर,थाती–4
27.लक्ष्मी–2
31.निगाह,दृष्टि–3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष–3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर–2
37.टैक्स, हाथ–2

### शब्द पहेली- 5818 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| य | ह | | | म | | य | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |






# आईपीएलः पंड्या की वापसी से मुंबई मजबूत, सिराज की लय से गुजरात चिंतित

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कप्तान हार्दिक पंड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीगटी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया।



### पंड्या आलराउंडर खिलाड़ी

पहले मैच में नियमित कप्तान पंड्या की गैरमौजूदगी ने टीम के लिए चीजों को और मुश्किल कर दिया। हार्दिक भारतीय क्रिकेट में मौजूदा समय में इकलौते तेज गेंदबाजी हरफनमौला है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। उनकी वापसी का मतलब है कि रॉबिन मिंज को शायद बाहर बैठना होगा। मिंज अपने पहले मैच में चेन्नई के खिलाफ चेपॉक मैदान की मुश्किल पिच पर संघर्ष करते दिखे।

### फार्म में नहीं सिराज

बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर गुजरात के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन अहम होगा। वह पिछले कुछ समय से लय में नहीं है और पंजाब के खिलाफ उन्होंने 54 रन लुटा दिए। प्रसिद्ध कृष्णा भी इस मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। गुजरात की टीम में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाजों की कमी है और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिए यह चिंता की बात होगी। कैगिसो रबाडा और राशिद खान जैसे दिग्गज विदेशी खिलाड़ियों पर रन रोकने के साथ-साथ विकेट लेने का दबाव पर बहुत अधिक है।



### सूर्या और रोहित फेल

मुंबई के लिए भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टेस्ट तथा एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदा लय चिंता का सबब है। हार्दिक की वापसी से टीम की बल्लेबाजी को गहराई मिलेगी जबकि जरूरत पड़ने पर वह नई गेंद से गेंदबाजी आक्रमण की शुरुआत भी कर सकते है। मुंबई इंडियंस की एक और समस्या विकेटकीपर बल्लेबाज की है। टीम रयान रिकलेटन पर बहुत अधिक निर्भर है क्योंकि रॉबिन मिंज के पास इस स्तर के क्रिकेट का ज्यादा अनुभव नहीं है।

### पिच बल्लेबाजी के अनुकूल

मुंबई को हालांकि शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच खेलना है जहां परिस्थितियां पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल दिखी है। इस मैदान पर पंजाब किंग्स (243) और गुजरात टाइटंस (232) के बीच खेले गए पिछले मैच में 475 रन बने थे।

एशियाई चैम्पियनशिप

# हरियाणा की मनीषा को पहला गोल्ड, अंतिम ने जीता कांस्य



■ मनीषा ने 62 किग्रा में कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराया

भाषा ▶▶| अम्मान (जॉर्डन)

अनुभवी भारतीय पहलवान हरियाणा की मनीषा भानवाला ने शुक्रवार को यहां एशियाई चैम्पियनशिप में 2021 के बाद भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया, जबकि अंतिम पंघाल को कांस्य से संतोष करना पड़ा। मनीषा ने महिलाओं की 62 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से मात दी। इससे पहले उन्होंने कजाखस्तान की टाइनिस डुबेक पर तकनीकी श्रेष्ठता से आसान जीत के साथ शुरुआत की और कोरिया की हनबिट ली को चित्त करके एक और शानदार जीत हासिल की। मनीषा ने सेमीफाइनल में कलमीरा बिलिमबेक काजी के खिलाफ भी दबदबा बनाते हुए केवल एक अंक गंवाते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। भारत को 2021 में अलमाटी में हुई चैम्पियनशिप में विनेश फोगाट और सरिता मोर ने पीला तमगा दिलाया था।

### अंतिम भी छाईं



पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक अभियान के बाद 20 साल की अंतिम अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामिंट खेल रही थी। उन्होंने 53 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग को शिकस्त दी लेकिन जापान की मो कियूका के की चुनौती का सामना करने में नाकाम रही। जापान की पहलवान ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल की। कांस्य पदक के प्लेआफ में उन्होंने ताइपै की मेंग एच सियेह को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

**अब तक 8 पदक जीते**

नेहा शर्मा (57 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) पदक दौर तक नहीं पहुंच सकीं। भारत ने अब तक टूर्नामिंट ग्रीको रोमन में दो पदक समेत एक स्वर्ण, एक रजत और छह कांस्य जीते हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| मुंबई | 1 | 0 | 1 | 0 |
| गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 |
| राजस्थान | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
07 विकेट
चेन्नई

## 50 रन से रौंदा, पाटीदार ने खेली अर्धशतकीय पारी, बने मैन ऑफ द मैच

# 17 साल बाद आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ चेपॉक पर हराया

भाषा ▶▶| चेन्नई

कप्तान रजत पाटीदार के अर्धशतक और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ चेपॉक पर आईपीएल के मैच में मात देते हुए शुक्रवार को 50 रन से जीत दर्ज की।

आरसीबी के सात विकेट पर 196 रन के जवाब में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। आरसीबी की 2008 में आईपीएल के पहले सत्र के बाद चेपॉक पर चेन्नई के खिलाफ यह पहली जीत है। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर मजबूत स्कोर बनाने के बाद आरसीबी ने मेजबान टीम के शुरूआती विकेट जल्दी चटकाकर दबाव बनाया जो अंत तक कायम रहा। चेन्नई के बल्लेबाज अपनी गलतियों से विकेट गंवाते चले गए जबकि क्षेत्ररक्षण में भी मेजबान टीम ने निराश किया। चेन्नई की शुरूआत काफी खराब रही और



कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खाता भी नहीं खोल सके। चेन्नई ने पहले दो ओवर में ही तीन विकेट गंवा दिए। दूसरे ओवर में राहुल त्रिपाठी (पांच) ने जोश हेजलवुड को पूल शॉट खेलने के प्रयास में शॉर्ट मिडविकेट पर कैच थमाया। हेजलवुड ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए। दीपक हुड्डा ने भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर विकेट के पीछे कैच थमाया। उस समय चेन्नई का स्कोर तीन विकेट पर आठ रन था। रचिन रविंद्र और सैम कुरेन ने कोशिश की लेकिन जरूरी रनरेट लगातार बढता जा रहा था। नौवे ओवर में कुरेन ने लिविंगस्टोन की गेंद पर लांग आन में कृणाल को कैच दे दिया। दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने से रविंद्र (41) पर दबाव बढता गया और वह 13वें ओवर में यश दयाल का शिकार हुए जिन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए। दयाल ने शिवम दुबे (19) को भी रवाना किया। इसके बाद चेन्नई ने धोनी की बजाय आर अश्विन को भेजा जिस पर सभी को हैरानी हुई। आखिर में धोनी ने 16 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 30 रन बनाए और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा। पाटीदार के 51 रन और टिम डेविड के 22 रन की मदद से आरसीबी ने 7 विकेट पर 196 रन बनाए।

### केकेआर और लखनऊ का मैच छह की बजाय आठ अप्रैल को

**कोलकाता।** बीसीसीआई ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच छह अप्रैल को ईडन गार्डंस पर होने वाला आईपीएल मैच रामनवमी के कारण आठ अप्रैल को कराने का फैसला किया। मैच कोलकाता में ही होगा जबकि पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि यह मैच गुवाहाटी में कराया जा सकता है। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कोलकाता पुलिस ने बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) से इस मैच के कार्यक्रम में बदलाव का अनुरोध किया था क्योंकि त्योहार के कारण शहर भर में पुलिस की भारी तैनाती होगी। इसमें कहा गया है कि अधिकारियों ने यह मैच आठ अप्रैल को 3.30 से कराने का अनुरोध किया था जिसे मान लिया गया है। अब आठ अप्रैल को दो मैच होंगे। दोपहर में केकेआर और एलएसजी का मैच जबकि शाम को न्यू चंडीगढ में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स का मैच खेला जायेगा।

### पूरण के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है : मार्श



**हैदराबाद।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि उन्हें लखनऊ सुपर जाइंट्स के अपने साथी खिलाड़ी निकोलस पूरण के साथ बल्लेबाजी करने में आनंद आता है और उन्हें खुशी है कि वेस्टइंडीज का यह आक्रामक बल्लेबाज अन्य लीग की तरह विरोधी टीम में नहीं है। पूरण लखनऊ की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आसान जीत के नायक रहे। उन्होंने केवल 26 गेंद पर 70 रन बनाए। मार्श ने 31 गेंद पर 52 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। मार्श ने कहा, 'पूरण की बल्लेबाजी के लिए मेरे पास एक ही शब्द है आकर्षक। मैं लंबे समय से उसके खिलाफ खेलता रहा हूं और उसकी इस तरह की बल्लेबाजी का मुझे हमेशा खामियाजा भुगतना पड़ा है।

## खबर संक्षेप



### गुरिंदर ने 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**बेंगलुरु।** गुरिंदरवीर सिंह ने शुक्रवार को यहां इंडियन ग्रां प्री 1 में 10.20 सेकंड की तेज दौड़ के साथ पुरुषों की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 वर्षीय पंजाब के धावक ने अक्टूबर 2023 में मणिकांत होबलीधर द्वारा निर्धारित 10.23 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरविंदर का पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 10.27 सेकंड था। उन्होंने इसे 2021 में बनाया था। रिलायंस के ही होबलीधर 10.22 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### बीसीसीआई को नए स्पिन गेंदबाजी कोच की तलाश

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' को साईराज बहुतुले की जगह जल्द ही नया स्पिन गेंदबाजी कोच मिलेगा। बहुतुले ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने के लिए इस्तीफा दे दिया था। 'सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रूप में जाना जाता था। यह अब बेंगलुरु में नए स्थल पर स्थानांतरित हो गया है। यह पद बहुतुले के जाने के बाद से रिक्त पड़ा है और अब बोर्ड ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से दी शिकस्त



**बार्सिलोना।** फेरान टोरेस और दानी ओल्मो के शुरू में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने ओसासुना को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत की। कोच हांसी फ्लिक ने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को मैच के अंतिम क्षणों में मैदान पर उतारा। पोलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने एक अन्य स्थानापन्न खिलाड़ी फर्मिन लोपेज़ के क्रॉस पर हेडर से खूबसूरत गोल किया। यह लेवांडोव्स्की का स्पेनिश लीग में वर्तमान सत्र का 23वां गोल था।इस जीत से बार्सिलोना 10 राउंड शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड से तीन अंक और एटलेटिको मैड्रिड से सात अंक आगे हो गया है।

रॉयल्स के अशोक की कहानी

# संघर्ष करके बने नेट बॉलर और फिर पाया आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छह साल पहले, राजस्थान के एक किसान का 16 वर्षीय बेटा जयपुर में एक क्रिकेट अकादमी के बाहर खड़ा यह सोच रहा था कि क्या उसके सीमित साधन उसे क्रिकेट खेलने की अनुमति दे पाएंगे, लेकिन उसकी मेहनत और लगन ने यह सब संभव कर दिखाया है। नेट बॉलर से सफर शुरू करने वाले अशोक शर्मा राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बन गए हैं।

राजस्थान के क्रिकेट इतिहास में पहली बार, राज्य के 10 क्रिकेटर आईपीएल 2025 में खेलेंगे। एक सीजन में अब तक का सबसे ज्यादा। इनमें 22 वर्षीय अशोक शर्मा भी शामिल हैं। मीडियम पेसर गेंदबाज ने 2022 का सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ बिताया, हालांकि उन्हें कोई गेम नहीं मिला, और 2023 और 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए नेट बॉलर थे। अब, उन्हें आईपीएल 2025 के लिए उनकी टीम में शामिल किया गया है।

### तेंदुलकर के समान कहानी

जैसे अजीत तेंदुलकर ने अपने भाई सचिन तेंदुलकर के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैसे ही जयपुर के पास रामपुरा गांव में जन्मे अशोक इस कहानी से खुद को जोड़ सकते हैं। क्योंकि उनके बड़े भाई ने उन्हें क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित किया। अशोक ने अपनी क्रिकेट जर्नी पर खुलकर बात की। अशोक ने बताया कि वह सीनियर्स से क्रिकेट किट उधार लेते थे।

### घर में रही आर्थिक तंगी

अशोक ने बताया, मेरे पिता किसान थे, इसलिए हमें हमेशा आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता था। मेरे भाई अक्षय ने मुझे छोटी उम्र में ही क्रिकेट से परिचित कराया और हम कुछ अन्य बच्चों के साथ गली क्रिकेट खेलते थे। अक्षय और हम दोनों ही क्रिकेट को अपना करियर बनाना चाहते थे, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण पिता केवल एक को ही कोचिंग दे सकते थे।

### इस टीमों के रह चुके हिस्सा

साल 2022 में केकेआर ने अशोक को 55 लाख रुपए में खरीदा। हालांकि, उन्हें पूरे सीजन बेंच पर ही बैठना पड़ा। उन्होंने एक बार फिर आईपीएल 2023 और 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए नेट गेंदबाज की भूमिका निभाई। इसके बाद साल 2025 के लिए राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा और टीम में शामिल किया। बता दें कि 17 जून, 2002 को जन्मे अशोक अपने तीखे बाउंसर के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने 2019 में राजस्थान की अंडर-19 स्टेट टीम के हिस्से के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

### जिओ हॉटस्टार ने पार किया 10 करोड़ सब्सक्राइबर्स का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** जिओहॉटस्टार ने घोषणा की है कि इसके सब्सक्राइबर्स 100 मिलियन (10 करोड़) को पार कर गए हैं, जो भारत के स्ट्रीमिंग लैंडस्केप में एक बड़ा माइलस्टोन है। प्लेटफॉर्म इस ग्रोथ को अपने कंटेंट ऑफरिंग्स, प्राइसिंग स्ट्रैटेजीज़ और एक्सेसिबिलिटी के कारण मानता है। जब ये डिजनी+हॉटस्टार था, मई 2022 में इसके 50.1 मिलियन पेड सब्सक्राइबर्स थे, यानी करीब 3 साल में 50 मिलियन और जुड़े। वहीं, जिओसिनेमा और डिजनी+हॉटस्टार का कॉम्बिनेशन जिओहॉटस्टार पिछले महीने लॉन्च हुआ था। प्लेटफॉर्म ढेर सारा एंटरटेनमेंट देता है, जिसमें टीवी शोज, हॉलीवुड फिल्में, अलग-अलग भाषाओं में ओरिजिनल डिजिटल कंटेंट और रियलिटी शोज शामिल हैं। स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग ने भी जिओहॉटस्टार की सब्सक्राइबर ग्रोथ में बड़ी भूमिका निभाई है। प्लेटफॉर्म के पास आईसीसी टूर्नामेंट्स, आईपीएल और डब्लूपीएल जैसे बड़े स्पोर्टिंग इवेंट्स के राइट्स हैं। ये प्रीमियर लीग और विंबलडन जैसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स के साथ-साथ प्रो कबड्डी और आईएसएल जैसे डॉमेस्टिक लीग्स भी ब्रॉडकास्ट करता है।

JioHotstar

# जोकोविच खिताब से दो कदम दूर फाइनल में पहुंचे सबालेंका-पेगुला

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डंस

नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने सातवें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जोकोविच ने गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मैच में कोर्डा को एक घंटे 24 मिनट में 6-3, 7-6 (7-4) से हराया।

सेमीफाइनल में उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका



ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने फिलिपींस की 19 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में 7-6 (7-3), 5-7, 6-3 से जीत दर्ज की।

### गैरवरीय जैकब की शानदार जीत

पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया। 19 वर्षीय मेन्सिक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। विश्व में 54वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मेन्सिक का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने माटेओ बेरेटिनी को तीन सेट तक चले मैराथन मुकाबले में 7-5, 6-7 (9-7), 7-5 से हराया।

पेशेवर सर्किट से उन्हें सहनशीलता विकसित करने में मिलेगी मदद

# ओलंपिक पदक पर मुक्केबाज निशांत की नजर

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

भारतीय मुक्केबाज निशांत देव का मानना है कि शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण पेशेवर सर्किट में खेलने से उन्हें सहनशीलता विकसित करने में मदद मिलेगी, जो 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के उनके सपनों को पूरा करने में मददगार होगा।

पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में करीबी हार का सामना करने वाले निशांत इस खेल की ओलंपिक में बने रहने की अनिश्चितता के बीच पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़ गए। एमेच्योर मुक्केबाजी में एक मुकाबला अधिकतम नौ मिनट तक चलता है जिसमें तीन-तीन मिनट के तीन राउंड



होते हैं, जबकि पेशेवर मुक्केबाजी में मुकाबले 12 राउंड तक भी चल सकते हैं। निशांत ने यहां महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आखिरी दिन कहा, 'मेरे लिए पेशेवर मुक्केबाजी में जाने का सबसे बड़ा कारण यह था कि मेरी सहनशक्ति और ताकत कम थी। मैं इसे सुधारने के लिए पेशेवर मुक्केबाजी में शामिल हो गया क्योंकि मैं पेशेवर मुक्केबाजी में ज्यादा राउंड खेलने का आदी हो जाऊं और जब मैं एमेच्योर मुक्केबाजी में वापस आऊं, तो मैं तीन दौर तक आराम से खेल सकूं।'

विश्व चैम्पियनशिप(2023) लाइट मिडिल वर्ग (71 किग्रा) के कांस्य पदक विजेता निशांत हाल के वर्षों में भारत के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुक्केबाजों में से एक रहे हैं। उन्होंने 'मैचरूम बॉक्सिंग' के साथ तीन साल का करार किया है, जो लॉस एंजिल्स ओलंपिक से एक साल पहले समाप्त होगा।

### वापसी में खेलूंगा क्वालीफायर

ओलंपिक पदक का सपना संजोए निशांत ने कहा, 'मुक्केबाजी ओलंपिक में बना रहेगा और मेरा अनुबंध ओलंपिक के करीब समाप्त हो रहा है। इसलिए मैं भारत वापस आऊंगा और क्वालीफायर खेलूंगा।' बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने भी निशांत की राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए दरवाजा खुला रखा है। सिंह ने कहा, 'हम ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों का चयन करेंगे, चाहे वह शौकिया हो या पेशेवर। निशांत निश्चित रूप से इस देश के सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों में से एक है।'

## म्यांमार और थाईलैंड में थर्राई धरती

# पलक झपते ही जमींदोज हुई कई इमारतें, सदमे में लोग, घरों के बाहर सड़कों पर बैठे, आंखों के सामने तबाही का मंजर, भूखे बच्चे

म्यांमार के एक के बाद एक भूकंप के चार तेज झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार को लगे भूकंप के ये झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आ गए और अपने घरों-दफ्तरों से बाहर निकल आए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार के एक के बाद एक भूकंप के चार तेज झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार को लगे भूकंप के ये झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आ गए और अपने घरों-दफ्तरों से बाहर निकल आए। झटके थाईलैंड तक महसूस किए गए। पहला भूकंप सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.7 मापी गई। इसके बाद दूसरा झटका दोपहर 12 बजकर दो मिनट पर आया, इसकी तीव्रता 7.4 मापी गई।

फिर तीसरा झटका एक बजकर सात मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 4.9 मापी गई। लोग खुद को संभाल पाते कि दोपहर दो बजकर 48 मिनट पर चौथा भूकंप आया इसकी तीव्रता 4 मापी गई। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है। भूकंप इतना तेज था कि करीब 900 किलोमीटर दूर बैंकॉक में भी इसके झटके महसूस किए गए। भूकंप के चलते 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। म्यांमार के मांडले में जहां 20 लोगों की मौत हो गई, वहीं ताउंगू में 5 लोग मारे गए हैं। जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। भूकंप के बाद के आए झटकों से भी दहशत मची हुई है। कई इलाकों में राहत कार्य जारी है। भूकंप में कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। भीषण भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल की घोषणा कर दी गई है।

**म्यांमार और थाईलैंड में आपातकाल घोषित**

### 51 साल पुराना पुल गिरा



म्यांमार के मंडाले में 51 साल पुराना ऐतिहासिक 'अवा ब्रिज' इरावदी नदी में गिर गया। इसके अलावा, एक मस्जिद का हिस्सा ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई।

### धर्मस्थल धराशाई



म्यांमार की राजधानी नेपीता में भूकंप से धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा। धार्मिक इमारतों के कुछ हिस्से जमीन पर गिर गए और कुछ घर भी क्षतिग्रस्त हुए।

### दहशत में सड़कों पर लोग



भूकंप के बाद बैंकॉक में दहशत में घरों से निकले सैकड़ों लोग सड़कों पर आ गए।

### कोलकाता, इंफाल मेघालय में हल्के झटके लगे

*बैंकॉक में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आने के बाद शुक्रवार को कोलकाता, इंफाल और मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। कोलकाता और उसके आस-पास के इलाकों से भूकंप के झटके महसूस किए गए। मणिपुर के उखरुल जिले में दोपहर 1:07 बजे भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 2.5 दर्ज की गई। मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भी हल्की तीव्रता का भूकंप आया।*

### मेट्रो, रेलवे व हवाई सेवाएं बंद

*थाईलैंड के उपपीएम फुमथाम वेचयाचाई ने जानकारी दी कि यह हादसा म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के कारण हुआ। राहत और बचाव कार्य जारी है। राहत टीमें मौके पर पहुंची और फंसे हुए लोगों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, बैंकॉक के लोकप्रिय चतुचक मार्केट के पास घटना हुई।*

### संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रास जुटा रहे जानकारी

संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के प्रभाव की प्रारंभिक रिपोर्ट से देश के मध्य भाग में काफी नुकसान पहुंचने की आशंका है। प्रवक्ता ने कहा, हम प्रभावित लोगों, बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान और तत्काल मानवीय जरूरतों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। वहीं, रेड क्रॉस ने कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह से उनकी टीमों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रेड क्रॉस ने कहा कि शुरुआती जमीनी खबरों से संकेत मिल रहा है कि भूकंप से काफी नुकसान हुआ है। मानवीय सहायता को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

### बांग्लादेश में भी भूकंप

बांग्लादेश में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। ढाका और चटगांव सहित बांग्लादेश के कई इलाकों में 7.3 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बांग्लादेश मौसम विभाग के मुताबिक, दोपहर 12:25 बजे भूकंप आया, जिसका केंद्र बांग्लादेश सीमा के पास म्यांमार के मांडले में था। ढाका से भूकंप के केंद्र की दूरी 597 किलोमीटर बताई गई। चीन के यूनान प्रांत में भी भूकंप के झटके लगे।

### भूखे प्यासे लोग



सदमें में घरों से निकले सैकड़ों लोग और बच्चे ने सड़क का बनाया आश्रयस्थल।

### राहत कार्य में जुटे लोग



बैंकॉक में भूकंप के बाद लोग एक दूसरे की सहायता करते नजर आए।

### सड़कें टूटीं



म्यांमार में आए अचानक से आए भूकंप के तेज झटकों की वजह से राजधानी में कई स्थानों पर सड़कें टूट गईं। लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### निर्माणाधीन इमारत ढही



थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भूकंप के बाद एक 30 मंजिला निर्माणाधीन इमारत गिरने से 8 मजदूरों की मौत हो गई और 76 लोग मलबे में फंस गए।

### बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य जारी





राहत टीमें मौके पर पहुंची और फंसे हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया, वहीं लोग एक दूसरे की सहायता करते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### काबुल में फिर खुल सकता है अमेरिकी दूतावास



**वॉशिंगटन।** अमेरिका और तालिबान अब पुरानी बातों को पीछे छोड़ना चाहते हैं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के अफगानिस्तान दौरे और अब काबुल में यूएस दूतावास के फिर से खुलने की संभावना यही संकेत देते हैं कि काबुल और वाशिंगटन के रिश्ते नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। दरअसल, इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि वाशिंगटन में अफगान दूतावास को कार्यवाहक सरकार को सौंपने और काबुल में अमेरिकी एंबेसी को फिर से खोलने के लिए बातचीत चल रही है।

### व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी, रमजान मुबारक



**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अमेरिका के व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी हुई। वार्षिक इफ्तार पार्टी की मेजबानी करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी अमेरिकी मुस्लिमों को रमजान मुबारक कहा। ट्रंप ने कहा कि हम मुस्लिम समुदाय से किए गए वादों को निभा रहे हैं। मध्य पूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनका समर्थन करने वाले लाखों मुस्लिम-अमेरिकियों का शुक्रिया अदा किया। ट्रंप ने कहा कि मुस्लिम समुदाय हमारे साथ था और है।

लोकसभा में प्रश्नकाल में बोले विदेश मंत्री, पाक में अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति पर भारत की पैनी नजर

# पाकिस्तान की मानसिकता बदलना असंभव, ये काम इंदिरा गांधी भी नहीं कर पाईं: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह साफ कर दिया कि भारत अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान की कट्टरता और धर्मांधता वाली मानसिकता को नहीं बदल सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी ऐसा नहीं कर पाई थीं। उन्होंने कहा, हमारे पड़ोसी देश में हिंदू समेत अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों और उनके उत्पीड़न के कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन पाकिस्तान की सरकार अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए कोई कार्रवाई नहीं करती है।

**पड़ोसी देश पाक की कट्टरता और धर्मांधता वाली मानसिकता को नहीं बदल सकता है**

भारत सरकार अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले व्यवहार पर बेहद करीब से नजर रखती है। हम इस विषय को समय-समय पर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाते रहते हैं, आगे भी ऐसा करते रहेंगे। 2014 से अब तक पाकिस्तान से भारत आने वाले अल्पसंख्यकों को 15 हजार 19 लांग टर्म वीजा प्रदान किए गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने सदन में पाकिस्तान में घटती हिंदुओं की जनसंख्या और उनके उत्पीड़न को लेकर विदेश मंत्री से एक पूरक प्रश्न पूछा था। उनके अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अरुण कुमार सिंह और रविशंकर प्रसाद ने पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की मौजूदा स्थिति जानने के लिए सवाल पूछे थे।

### यूएन में मामले को उठाया



### फरवरी 2025 में सामने आए 15 मामले

विदेश मंत्री ने बताया कि पाकिस्तान में इस साल फरवरी महीने में हिंदू सहित अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों के कुल 15 मामले सामने आए हैं। इसमें हिंदुओं से जुड़े 10, सिखों से जुड़े 2, ईसाई समुदाय से जुड़ा 1 मामला और अहमदिया समुदाय से संबंधित 2 मामले शामिल हैं। हिंदुओं के 10 मामलों में 7 अपहरण और जबरन धर्मांतरण से संबंधित हैं। जबकि 2 अपहरण और 1 मामले में पुलिस ने हिंदू छात्रों पर होली खेलने पर कार्रवाई की। जयशंकर ने कहा कि सिख समुदाय के उत्पीड़न के मामलों में पहला एक सिख व्यक्ति पर हमले से जुड़ा है। दूसरे में एक सिख को पुराने गुरुद्वारे को खोलने को लेकर धमकाया गया। ईसाई समुदाय से जुड़े 1 मामले में पाकिस्तान ने समुदाय के एक मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति के साथ ज्यादती की। अहमदिया समुदाय के खिलाफ उत्पीड़न के 2 मामलों में एक का संबंध समुदाय की एक लड़की के अपहरण, जबरन धर्मांतरण से जुड़ा है। जबकि दूसरे में इनकी एक मस्जिद को सील कर तोड़फोड़ की गई है।

### अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न राज्य की नीतियां

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जहां मानवाधिकारों का उल्लंघन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यवस्थित क्षरण राज्य की नीतियां हैं। पाकिस्तान ने अपने देश में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह दी हुई है। इसलिए उसे मानवाधिकार के मुद्दे पर किसी और को लेक्चर देने की कोई जरूरत नहीं है। जबकि उसका ध्यान अपने लोगों के लिए वास्तविक प्रशासन के साथ-साथ न्याय मुहैया की तरफ होना चाहिए।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के 72 मामले

जयशंकर ने बताया कि बांग्लादेश में भी अल्पसंख्यकों पर चरमपंथियों के हमले जारी हैं। पिछले साल हिंदू अल्पसंख्यकों पर ऐसे हमलों के 2 हजार 400 मामले सामने आए थे। जबकि इस साल इनकी संख्या 72 रही है। इस संबंध में मैंने बांग्लादेश के विदेश मंत्री के साथ बातचीत में मामले को उठाया है। विदेश सचिव ने अपनी ढाका यात्रा में भी इसका जिक्र किया था। यह मुद्दा भारत सरकार के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। दो सप्ताह पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के राजदूत ने पाकिस्तान को उक्त मामले में खरी-खोटी सुनाते हुए आईना दिखाया था।

कठुआ में भीषण मुठभेड़

## जैश के 5 आतंकी ढेर, 4 जवान शहीद और 5 सुरक्षाकर्मी घायल



एजेंसी ▶▶ कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर जंगली इलाके में गुरुवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुआ। इस मुठभेड़ में जैश के 5 आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। वहीं, चार जवान बलिदान हो गए हैं और डीएसपी सहित पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। इनमें एक पैरा कमांडो भी शामिल है। ये सभी आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के मुखौटा संगठन पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट के बताए जा रहे है। गुरुवार सुबह से देर शाम तक रुक-रुक कर दोनों तरफ से गोलीबारी जारी रही।

### पुलिस ने राकेट लांचर छोड़े

*डीएसपी बार्डर धीरज कटोज के अलावा पांच जवान जख्मी हुए। डेढ़ घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद अचानक गोलीबारी बंद हो गई। बाद में पुलिस ने राकेट लांचरों का इस्तेमाल किया। आतंकियों ने फिर गोलीबारी शुरू कर दी जो देर शाम तक चली। मुठभेड़ में बलिदान पुलिस के तीन जवान एसओजी का हिस्सा थे। इनके पेट और सिर पर गोलियां लगी हैं। पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। घायलों में अखनूर निवासी एसपीओ भरत चलोत्रा को जीएमसी जम्मू में, हीरानगर के एसपीओ हैप्पी शर्मा को जीएमसी कठुआ में लाया गया। बाद में उन्हें जीएमसी जम्मू रेफर कर दिया।*

### एक ग्रामीण ने दी थी सूचना

*सुबह आठ बजे हीरानगर के राजबाग क्षेत्र के जुथाना के अंबानाल में एक ग्रामीण ने हथियारों से लैस पांच आतंकियों को देख पुलिस को जानकारी दी। ये आतंकी बिलावर की तरफ निकल रहे थे। कुछ ही देर में पुलिस की टुकड़ी मौके पर पहुंच गई।*

चीन, स्थिर सैन्य संबंध व सीमा मुद्दे का समाधान चाह रहा

## चीनी सेना अच्छे सैन्य रिश्ते के पक्ष में, भारत के साथ संबंधों को मजबूत करेंगे

# पीपुल्स लिबरेशन ऑर्मी प्रमुख भारतीय समकक्ष के साथ काम करने को राजी

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

भारत और चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से जुड़े सवालों पर एक ब्रीफिंग में पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सीनियर कर्नल वू कियान ने कहा कि चीनी सेना सीमा मुद्दे पर निष्पक्ष और न्यायपूर्ण समाधान को लागू करने के लिए भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। चीनी सेना अच्छे सैन्य रिश्ते रखने के सुंदर दृष्टिकोण में अपनी बुद्धि और शक्ति का योगदान देना चाहेगी। कर्नल वू कियान ने गुरुवार को कहा कि चीन भारत के साथ सैन्य संबंधों को सुधारने के साथ उन्हें मजबूत करने का भी इच्छुक है।



चीन की सेना भी ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) के बीच सहयोग तथा सैन्य संबंध को सुदृढ़ बनाने में योगदान देना चाहेगी। दोनों देशों के बीच सहयोग हाल ही में चीन में एक प्रमुख विषय बन गया है।

### सकारात्मक दिशा में हुई वार्ता

पीएम नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग के प्रयासों से भारतीय सेना के साथ उसके संबंधों में सुधार हो रहा है। विगत 25 मार्च को भारत और चीन के कूटनीतिक अधिकारियों ने आपसी संबंधों को बेहतर बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने पर विचार-विमर्श किया। यह बैठक दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण मौका थी, जिसमें एलएसी पर तनाव को कम करने और भविष्य में ऐसे वार्तालापों को और मजबूत करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच हुई यह वार्ता एक सकारात्मक दिशा में बढ़ी है, और अगले दौर की वार्ता के लिए तैयारियों को लेकर दोनों पक्षों ने मिलकर कदम उठाने पर सहमति जताई है।

युद्धक्षेत्र में सफलता से उत्साहित पुतिन बोले

# यूएन प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रहे यूक्रेन, लोकतांत्रिक चुनाव करवाए

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

यूक्रेन के खिलाफ युद्धक्षेत्र में सफलता से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन काफी उत्साहित है। शुक्रवार की सुबह टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में उन्होंने रूसी परमाणु पनडुब्बी के चालक दल को संबोधित किया। इस दौरान व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित बाहरी शासन के अधीन रखा जाए। पुतिन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के तहत, अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ, वे यूक्रेन में अस्थायी शासन स्थापित करने पर विचार कर सकते हैं।



### शांति सेना स्वीकार नहीं

रूस ने चेतावनी दी है कि वह नाटो देशों के सैनिकों को शांति सेना के रूप में स्वीकार नहीं करेगा। पुतिन ने इस दौरान मांग की है कि कीव उन चार क्षेत्रों से अपनी सेना वापस ले ले, जिन पर मॉस्को ने आंशिक रूप से कब्जा कर लिया है। वह यह भी चाहते हैं कि यूक्रेन नाटो में शामिल होने से इनकार करे, अपनी सेना में भारी कटौती करे और देश को मॉस्को की कक्षा में रखने के लिए कानूनी रूप से रूसी भाषा और संस्कृति की रक्षा करे।

### जेलेंस्की गैरकानूनी शासक

पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को गैरकानूनी शासक बताया, क्योंकि उनका कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था और उनके अनुसार, कोई भी समझौता जो वर्तमान यूक्रेनी सरकार के साथ किया जाएगा, बता दें कि, यूक्रेन के संविधान के तहत देश में मार्शल लॉ के दौरान राष्ट्रीय चुनाव कराना अवैध है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109